दैनिक नवप्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | अभिव्यक्ति 3 | राजधानी 6 | आंचलिक 7 | छत्तीसगढ़

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, रविवार 26 मार्च 2023, कृष्ण पक्ष पंचमी, विक्रम संवत-2080 वर्ष-12 अंक-44 पृष्ठ-08 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

सही बात है। आपदा को अवसर के रूप में बदलना तो राजनीतिज्ञों से सीखा जाना चाहिए। इस मामले में हर नेता ने मानो पीएचडी कर रखी हों। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की संसद सदस्यता खत्म क्या हुई छुटभैये नेताओं की बाछे खिल गई। समाजवादी पार्टी सुप्रीमों अखिलेश यादव तो यह मान भी चुके है कि अब कांग्रेस ही खत्म हो गई है। उन्होने बयान दिया है कि अब कांग्रेस को चाहिए कि वह क्षेत्रीय दलों को आगे करे। मतलब एक राष्ट्रीय पार्टी इन क्षेत्रीय दलों कि पिछलग्गू बने। अखिलेश यादव यह भूल गए है मरा हुआ हाथी भी सवा लाख का होता है।

नक्सल प्रभावित गांव के स्कूल में शिक्षक बन केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने बच्चों को पढ़ाया

सुकमा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में सुकमा के नक्सल प्रभावित गांव पोटकपल्ली में शनिवार को गृहमंत्री अमित शाह की पाठशाला लगी। गृहमंत्री शाह गांव के एक सरकारी स्कूल में अचानक पहुंचे और बच्चों को पढ़ाना शुरू कर दिया। इस दौरान उन्होंने बच्चों से बातें की, उनको अंग्रेजी में जानवरों के नाम बताए और फि र जाते-जाते टॉफि यां भी बांटी। इससे पहले गृहमंत्री ने जगदलपुर में आदिवासी भाषा की पहली समाचार सेवा का भी शुभारंभ किया। कहा कि यह आदिवासियों को देश और दुनिया से जोड़ने की पहल है। दरअसल, गृहमंत्री अमित शाह अपने दो दिवसीय बस्तर दौरे पर शुक्रवार को जगदलपुर पहुंचे थे। उनको यहां पर सीआरपीएफ के 84वें स्थापना दिवस समारोह में शामिल होना था। इस दौरान कार्यक्रम के बाद अचानक शाह हेलीकॉप्टर से सुकमा के लिए रवाना हो गए। वहां के एक गांव पोटकपल्ली में उनका हेलीकॉप्टर उतरा। इसके बाद गृहमंत्री गांव के सरकारी स्कूल में पहुंचे और बच्चों से मुखातिब हुए।

समाचार बुलेटिन का वर्चुअल शुभारंभ

इससे पहले जगदलपुर में गृहमंत्री शह ने आदिवासी भाषा के पहले समाचार बुलेटिन का वर्चुअल उद्घाटन किया। यह प्रसार भारती के बस्तर संभाग की स्थानीय भाषा हल्बी की समाचार सेवा है। केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने छत्तीसगढ़ में आदिवासियों की भाषा में पहला समाचार बुलेटिन शुरू करने के लिए आकाशवाणी और दूरदर्शन को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इससे ना केवल हमारी स्थानीय भाषाएं मज़बूत होंगी, बल्कि इस क्षेत्र में रह रहे लोगों को देश-दुनिया में घटित होने वाली घटनाओं के समाचार मिल सकेंगे और इससे देश और दुनिया के साथ उनका संपर्क भी बढ़ेगा। इसका मकसद आदिवासियों को उनकी ही बोली-भाषा में देश-दुनिया की खबरें पहुंचाना हैं।

नक्सलियों के खिलाफ लड़ाई अंतिम चरण में, हिंसा हुई कम : अमित शाह

रवि राज पटनायक

जगदलपुर/नवप्रदेश। शनिवार को नगरनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले करनपुर सीआरपीएफ कैंप में 84 वें राइजिंग-डे के मौके पर देश के गृहमंत्री अमित शाह शामिल हुए। छत्तीसगढ़ के जगदलपुर में पहुंचकर सीआरपीएफ के शहीद जवानों को उन्होंने श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि पहली बार नक्सल प्रभावित इलाके में सीआरपीएफ डे मनाया जा रहा है। राष्ट्र महिला सीआरपीएफ कर्मियों को सलाम करता है। सीआरपीएफ का योगदान महत्वपूर्ण है। नक्सलियों के खिलाफ हमारी लड़ाई अंतिम चरण में है। हिंसा की घटनाओं में कमी आई है। देश के गृहमंत्री अमित शाह सीआरपीएफ दिवस के मौके पर शुक्रवार की शाम को छत्तीसगढ़ के जगदलपुर स्थित मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट में पहुंचे थे। जहां भाजपा नेताओं से मुलाकात करने के बाद हेलीकाफ्टर से करनपुर पहुंचे। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

ये तस्वीर सीआरपीएफ के डीएसपी रैंक की महिला अधिकारी का है। वे अपनी ड्यूटी निभाने के साथ ही शनिवार को केन्द्रीय गृह मंत्री के कार्यक्रम में मां की भी जिम्मेदारी निभाते हुए नजर आईं।

कोरोना को लेकर स्वास्थ्य मंत्रालय और आईसीएमआर ने राज्यों को लिखी चिट्ठी

नई दिल्ली। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डॉ. राजीव बहल और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के सचिव राजेश भूषण ने कोरोना वायरस की जांच को लेकर सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को पत्र लिखा है। कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच लिखी गई इस चिट्ठी में सभी राज्यों कोरोना की जांच की रफ्तार बढ़ाने और हालात पर बारीकी से नजर रखने को कहा गया है। दरअसल, पिछले 24 घंटे में 1590 लोगों में संक्रमण की पुष्टि की गई है।

किसानों, मजदूरों, नौजवानों का हमने जीता विश्वास : सीएम भूपेश

■ **सीएम ने 23.23 लाख किसानों के खातों में 1793 करोड़ किया जमा**

मुंगेली/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शनिवार को मुंगेली जिले के सरगांव में आयोजित भरोसे का सम्मान कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने चार साल के विपरीत परिस्थितयों में भी लगातार छत्तीसगढ़ की जनता का भरोसा बनाए रखा, जिसके लिए यह सम्मेलन रखा गया है। हमने किसानों, मजदूरों, नौजवानों सहित सभी का भरोसा जीता है। सरकार ने विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लोगों की जेब में पैसा डाला, जिससे व्यापार और व्यवसाय भी बढ़ा। इसी का परिणाम है कि उद्योग बढ़ रहे हैं और हमारे राज्य में मंदी का प्रभाव नहीं पड़ा। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बेरोजगारों के लिए वेब पोर्टल किया लांच

इस सम्मेलन में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि हमने आज बेरोजगारी भत्ता के लिए वेब पोर्टल लॉन्च किया है। ऐसे बेरोजगार युवा जिनकी पारिवारिक आय ढाई लाख रुपए से कम है, वे इस वेब पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। मालूम हो कि मुख्यमंत्री बघेल ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के बजट में एक अप्रैल से प्रदेश के शिक्षित बेरोजगारों को 2500 रुपए प्रतिमाह की दर से बेरोजगारी भत्ता देने की घोषणा की है। इसके लिए राज्य शासन की ओर से एनआईसी से बेरोजगारी भत्ता वेबपोर्टल तैयार कराया गया है। बेरोजगारी भत्ता प्राप्त करने के लिए आवेदक को निर्धारित मापदण्ड एवं शर्तों के अनुसार इस वेब पोर्टल के माध्यम से ऑन लाइन आवेदन करना होगा, यह पोर्टल एक अप्रैल से आम जनता के लिए उपलब्ध रहेगा।

मेरे खिलाफ कार्रवाई विपक्ष के हाथ में बड़ा हथियार: राहुल

नयी दिल्ली (वार्ता)। कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने लोकसभा की अपनी सदस्यता समाप्त किए जाने की कार्रवाई पर समर्थन के लिए विपक्षी दलों का आभार व्यक्त करते हुए शनिवार को कहा कि इस कार्रवाई ने विपक्ष को एक बड़ा हथियार पकड़ा दिया है। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार के खिलाफ विपक्ष के साथ काम करने की इच्छा जताई है।

श्री गांधी ने लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य करार दिए जाने की अधिसूचना के एक दिन बाद, यहां पार्टी मुख्यालय पर संवाददाता सम्मेलन में विपक्षी दलों से उन्हें मिल रहे व्यापक समर्थन के बारे में पूछे गए एक सवाल पर कहा, मैं सभी विपक्षी दलों का आभार व्यक्त करता हूं। हम सब मिलकर काम करेंगे।

श्री गांधी ने कहा, इस एक्शन (मुझे सदस्यता से अयोग्य किए जाने की कार्रवाई) ने विपक्ष को एक बड़ा हथियार पकड़ा दिया है, क्योंकि जनता जानती है कि अडानी जी 'भ्रष्ट' व्यक्ति हैं। जनता खुद सवाल उठा रही है कि इस 'भ्रष्ट' व्यक्ति को प्रधानमंत्री क्यों बचा रहे हैं?

श्री गांधी के अनुसार, भाजपा के लोग कह रहे हैं कि अडानी पर आक्रमण देश पर आक्रमण है, तो क्या देश अडानी है और अडानी देश हैं।

बिहार के डिप्टी सीएम के खिलाफ छत्तीसगढ़ में शिकायत

■ **तेजस्वी ने गुजरातियों को ठग कहा था, सर्व गुजराती समाज ने एफआईआर की मांग की**

रायपुर/नवप्रदेश। बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव के खिलाफ छत्तीसगढ़ की धमतरी पुलिस से शिकायत की गई है। तेजस्वी ने कहा था-गुजराती ही ठग हो सकते हैं। उनके इस बयान से सर्व गुजराती समाज भड़का हुआ है। समाज ने यादव के खिलाफ एफआईआर की मांग की है। सर्व गुजराती समाज छत्तीसगढ़ के प्रमुख प्रीतेश गांधी ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने गुजराती समाज पर अमर्यादित एवं अशोभनीय टिप्पणी की है। इसके विरोध में हमने धमतरी एसपी के नाम कोतवाली थाना प्रभारी प्रणाली वैद्य को ज्ञापन सौंपा है। हम चाहते हैं उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो। प्रीतेश ने कहा- तेजस्वी यादव ने मीडिया में जो बयान दिया गया है, वह अत्यंत निंदनीय है। तेजस्वी यादव ने अपनी राजनीति चमकाने के लिए इस प्रकार की अमर्यादित भाषा का उपयोग किया। ये ठीक नहीं है। तेजस्वी के इस बयान से गुजराती समाज के साथ-साथ गुजरात के लोग आहत हैं। सर्व गुजराती समाज छत्तीसगढ़ प्रदेश तेजस्वी यादव के इस बयान की घोर निंदा करता है। बता दें कि सीबीआई के छापे से नाराज तेजस्वी यादव लगातार केंद्र सरकार पर हमला बोल रहे हैं।

लीगल प्रोफेशन में महिला-पुरुष अनुपात निराशाजनक : सीजेआई

चेन्नई। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ का कहना है कि कोर्ट-कचहरी से जुड़े पेशे में महिला और पुरुषों का अनुपात निराशाजनक है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को पुरुषों के समान ही मौके दिए जाने चाहिए। युवा और काबिल महिला वकीलों की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि चैंबर में महिला को रखने से पहले बहुत सोचा जाता है। यह माना जाता है कि उनकी पारिवारिक जिम्मेदारियां उनके ऑफि स के कामकाज में रुकावट बनेंगी। जस्टिस चंद्रचूड़ ने बताया कि तमिलनाडु में लीगल प्रोफेशन में 50 हजार पुरुष एनरोल्ड (नामांकित) हैं जबकि महिलाओं की संख्या मात्र 5 हजार है। यह स्थिति पूरे देश में एक जैसी है। लीगल प्रोफेशन में महिलाओं को बराबरी से मौके नहीं दिए जा रहे। समय बदल रहा है, हाल ही में डिस्ट्रिक्ट ज्यूडिशियरी में हुई भर्तियों में 50 पर्सेंट से अधिक महिलाएं हैं। हमें महिलाओं की प्रोग्रेस के लिए समान अवसर पैदा करने होंगे।

बच्चों की देखभाल करना विकल्प है, जिम्मेदारी नहीं

जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा कि महिलाओं के खिलाफ धारणा बना ली है जिसके कारण उन्हें अवसरों से वंचित रखा जाता है। नौकरी पर रखने से पहले यह मान लिया जाता है कि उन्हें देर तक ऑफिस में नहीं रोक पाएंगे। क्योंकि उनके पास पारिवारिक जिम्मेदारियां होती हैं। हम सभी को यह समझना चाहिए कि बच्चे पैदा करना और बच्चों की देखभाल करना एक विकल्प है और महिलाओं को यह जिम्मेदारी उठाने के लिए सजा नहीं देना चाहिए। पुरुष वकील भी चाइल्डकैअर और परिवार की देखभाल कर सकता है। उन्होंने अफसोस जताते हुए कहा कि एक समाज के रूप में हम परिवार की देखभाल की जिम्मेदारी केवल महिलाओं पर थोपते हैं।

जनप्रतिनिधित्व कानून सेक्शन को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती

नई दिल्ली। मानहानि केस में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की संसद सदस्यता खत्म होने के बाद रिप्रेजेंटेटिव्स ऑफ द पीपुल एक्ट, 1951 के सेक्शन 8 (3) को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है। इस सेक्शन के तहत किसी जनप्रतिनिधि के किसी मामले में दोषी करार होने और कम से कम दो साल की सजा मिलने पर उसकी संसद सदस्यता अपने आप खत्म हो जाती है। इस याचिका में कहा गया है कि अपराध किस प्रकार का है और कितना गंभीर है, ये देखे बिना जनप्रतिनिधि की सदस्यता खत्म कर देना प्राकृतिक न्याय के खिलाफ है। इस जनहित याचिका को पीएचडी स्कॉलर और सोशल एक्टिविस्ट आभा मुरलीधरन ने दाखिल किया है। याचिका में कहा गया है कि जनप्रतिनिधित्व एक्ट, 1951 का सेक्शन 8 (3) भारतीय संविधान की शक्ति के दायरे से ही बाहर है क्योंकि यह इसी एक्ट के सेक्शन 8 (1), 8 ए, 9, 9 ए, 10, 10 ए और 11 से एकदम उलट है। याचिका के मुताबिक, सेक्शन 8 (3) किसी सांसद को अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने से रोकता है, जिन्हें पूरा करने के लिए संबंधित निर्वाचन क्षेत्र की जनता ने उन्हें चुना है।

गरमा-गरम

कर्नाटक के दावणगेरे में पीएम मोदी ने किया रोड शो

विपक्ष पर साधा निशाना, बोले- गरीबों को आगे बढ़ता नहीं देखना चाहते

बेंगलरू। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को एक बार फिर कर्नाटक पहुंचे। राज्य में उनका इस साल का ये 7वां दौरा है। प्रधानमंत्री ने दावणगेरे में भाजपा के विजय संकल्प यात्रा के समापन समारोह में रोड शो किया फिर जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान कांग्रेस व विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। राजनीतिक दलों पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि ये दल गांवों, पिछड़े वर्ग के लोगों एवं गरीबों को चिकित्सक या इंजीनियर बनते नहीं देखना चाहते। मोदी ने मेडिकल के पेशे में शामिल होने में ग्रामीण एवं गरीब परिवारों के युवाओं के सामने आने वाली चुनौतियों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि इस बात को समझते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने मेडिकल की शिक्षा में कन्नड़ समेत भारतीय भाषाओं में पढ़ाई का विकल्प मुहैया कराया। मोदी ने कहा, ''मैं आपके सामने उस चुनौती का जिक्र करना चाहता हूं, जो मेडिकल पेशे के समक्ष है।

बेंगलुरु में मेट्रो फेस-2 का उद्घाटन

इससे पहले बेंगलुरु मेट्रो के फेस-2 की 13.71 किमी लंबी लाइन का उद्घाटन किया। उन्होंनें व्हाइटफील्ड (काडुगोडी) से कृष्णाराजपुरा (केआर पुरम) तक की मेट्रो में सफर भी किया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कई लोगों से बातचीत भी की। इस मेट्रो लाइन को 4,250 करोड़ रुपए की लागत से बनाया गया है। इसमें 12 मेट्रो स्टेशन बनाए गए हैं।

9 साल में मेडिकल की सीटें हुई दोगुनी

मोदी ने कहा कि इसलिए भाजपा सरकार सभी की भागीदारी पर जोर दे रही है और इसमें धार्मिक संस्थानों एवं गणित की बड़ी भूमिका है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र के विकास के लिए पिछले नौ साल में ईमानदार प्रयास किए गए और चिकित्सकीय शिक्षा के क्षेत्र में कई सुधार किए गए हैं। सरकार का प्रयास भारत के स्वास्थ्य सेवा बुनियादी ढांचे को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि 2014 में देश में 380 से भी कम चिकित्सकीय कॉलेज थे और आज इनकी संख्या 650 से अधिक है तथा इनमें से 40 आकांक्षी जिलों या पिछड़े जिलों में बनाए गए हैं।



राम हमारी आत्मा का प्रकाश

हिंदू धर्म को सर्वोच्च रखने वाली भारत की भूमि हमेशा से ही एक पवित्र भूमि रही है, इतिहास के पन्नों को पलट कर देखा जाएं तो यहाँ कई देवी देवताओं के मनुष्य अवतार का वर्णन मिलता है. इसी इतिहास की ओर लौटकर देखा जाएं तो, जब रावण के अत्याचार बहुत बढ़ गए और आमजन परेशान हो गए, तो इन अत्याचारों से मुक्ति दिलाने के लिए पुनः भारतीय भूमि पर एक महापुरुष ने जन्म लिया. इस महापुरुष का नाम भगवान राम था, जिन्होंने विद्वान पंड़ित रावण के अत्याचारों से मुक्ति दिलवाई और उस वक़्त लोगों का उद्धार किया. त्रेता युग में जन्में भगवान राम के जन्मदिवस को ही राम नवमी के रूप में मनाया जाता है। राम नवमी एक प्रसिद्ध हिन्दू त्योहार है। यह शुक्ल पक्ष 'या हिन्दू चंद्र वर्ष की चैत्र महीने के नौवें दिन (नवमी) पर मनाया जाता है। यह त्योहार भगवान विष्णु के अवतार मर्यादा पुरुषोत्तम राम के जन्म की स्मृति में मनाया जाता है। इस दिन को राम नवमी भी कहा जाता है। राम नवमी का त्योहार भारत के लोगों द्वारा ही नहीं बल्कि दुनिया के अन्य हिस्सों में रहने वाले हिन्दू समुदाय के लोगों द्वारा भी मनाया जाता है। यह त्योहार बेहद खुशी और उत्साह के साथ मनाया जाता है। माना जाता है इस अवसर पर जो भक्त उपवास करते हैं उन पर अपार खुशी और सौभाग्य की बौछार होती है।

राम का अर्थ है स्वयं का प्रकाश; अपने भीतर प्रकाश। रवि शब्द राम शब्द का पर्याय है। रवि शब्द में, 'आर' का अर्थ है प्रकाश और वी का अर्थ है विशेष। इसका अर्थ है हमारे भीतर अनन्त प्रकाश। राम हमारे हृदय का प्रकाश हैं। इस प्रकार राम हमारी आत्मा का प्रकाश हैं। राम नवमी को भगवान राम के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।

खुशी और उल्लास के इस त्योहार को मनाने का उद्देश्य हमारे भीतर ÷ज्ञान के प्रकाश का उदय÷ है। भगवान राम का जन्म राजा दशरथ और रानी कौशल्या से हुआ था। राम नवमी का त्यौहार चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी को मनाया जाता है। हिंदू शास्त्रों के अनुसार, भगवान राम का जन्म इसी दिन हुआ था और वे जुगों से मर्यादा पुरुषोत्तम के प्रतीक के रूप में माने जाते हैं। हिंदू शास्त्रों के अनुसार, भगवान विष्णु ने त्रेतायुग में रावण के अत्याचारों को समाप्त करने और धर्म की पुनः स्थापना के लिए दुनिया में श्री राम के रूप में अवतार लिया। भगवान राम उनका अपना प्रकाश है, लक्ष्मण (भगवान राम के छोटे भाई) का अर्थ है सतर्कता, शत्रुघ्न का अर्थ है जिसका कोई दुश्मन नहीं है या जिसका कोई विरोधी नहीं है। भरत का अर्थ है योग्य। अयोध्या (जहाँ राम का जन्म हुआ है) का अर्थ है एक ऐसी जगह जिसे नष्ट नहीं किया जा सकता।

राम नवमी व्रत विधिः-

राम नवमी व्रत महिलाओं के द्वारा किया जाता है। इस दिन व्रत करने वाली महिला को प्रातः सुबह उठना चाहिए और सुबह उठकर, पूरे घर की साफ सफाई कर घर में गंगा जल छिड़क कर, शुद्ध कर लेना चाहिए। इसके बाद एक लकड़ी के चौकोर टुकड़े पर सातिया (स्वस्तिक) बनाकर एक जल से भरा गिलास रखती है और साथ ही अपनी अंगुली से चांदी का छल्ला निकाल कर रखती है। इसे प्रतीक रूप से गणेशजी माना जाता है। व्रत कथा सुनते समय हाथ में गेहूं-बाजरा आदि के दाने लेकर कहानी सुनने का भी महत्व कहा गया है। व्रत वाले दिन मंदिर में अथवा मकान पर ध्वजा, पताका, तोरण और बंदनवार आदि से सजाने का विशेष विधि-विधान है। व्रत के दिन कलश स्थापना और राम जी के परिवार की पूजा करनी चाहिए। दिन भर भगवान श्री राम के भजन, स्मरण, स्तोत्र पाठ, दान, पुन्य, हवन, पितृश्राद्ध और उत्सव किया जाना चाहिए और रात्रि में भी गायन, वादन करना शुभ रहता है। सनातन धर्म में पूरे वर्ष कोई ना कोई त्योहार मनाया जाता है. जिनका अपना एक अलग महत्व होता है, उसी तरह से राम नवमी का यह त्योहार धरती पर से बुरी शक्तियों के पतन और यहाँ साधारण मनुष्यों को अत्याचारों से मुक्ति दिलवाने के लिए भगवान के स्वयं आगमन का प्रतीक मानी जाती है।

आज का पंचांग (रविवार 26 मार्च)

बृह 9	11	10 सूर्य-शुक्र-शनि	बुध-14 9
15 राहु	4	13-15 चन्द्र-केतु	8
14 मंगल	3	5	6

सूर्योदय : 06:30 सूर्यास्त : 06:30
चन्द्रोदय : 08:24 चन्द्रास्त : 22:29

अयन उत्तरायणे (दक्षिणगोलीय)

ऋतु : बसंत, शक सम्वत : 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वत : 2080 (पिंगल), मास : चैत्र, पक्ष : शुक्ल, तिथि : पञ्चमी, नक्षत्र : कृत्तिका, योग : विष्कुम्भ (24:20 से प्रीति), प्रथम करण : विष्टि (16:23 तक), द्वितीय करण : बव (28:22 तक)।

॥ गोचर ग्रहा: ॥

सूर्य : मीन, चंद्र : वृष (19:23 से), मंगल: मिथुन (उदित, पश्चिम, मार्गी), बुध:मीन (अस्त, पूर्व, मार्गी), गुरु : मीन (उदित, पूर्व, मार्गी), शुक्र : मेष (उदित,पश्चिम),शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मेष,केतु : तुला।

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 11:59 से 12:48, अमृत काल : 08:32 से 10:07, रवियोग : 06:15 से 13:19, विजय मुहूर्त : 14:26 से 15:15, गोधूलि मुहूर्त : 18:30 से 18:53, सायाह्न सन्ध्या : 18:31 से 19:41, निशिता मुहूर्त : 23:59 से 24:46, राहुकाल : 16:30 से 18:00, राहुवास : पूर्व, यमगण्ड : 13:55 से 15:27, होमाहुति : बुध, दिशाशूल : पूर्व, अग्निवास : पृथ्वी (16:23 तक), भद्रावास : स्वर्ग (16:23 तक), चन्द्रवास : पूर्व (दक्षिण 19:25 से), शिववास ?? क्रीड़ा में (16:23 से कैलाश पर)।

चौघड़िया विचार

॥ दिन का चौघड़िया ॥

1 - काल, 2 - शुभ, 3 - रोग, 4 - उद्वेग, 5 - चर, 6 - लाभ, 7 - अमृत, 8 - काल

॥रात्रि का चौघड़िया॥

1 - लाभ, 2 - उद्वेग, 3 - शुभ, 4 - अमृत, 5 - चर, 6 - रोग, 7 - काल, 8 - लाभ

नोटः दिन और रात्रि के चौघड़िया का आरंभ क्रमशः सूर्योदय और सूर्यास्त से होता है। प्रत्येक चौघड़िए की अवधि डेढ़ घंटा होती है।

शुभ यात्रा दिशा : दक्षिण-पूर्व

तिल मिश्रित चावल का सेवन कर यात्रा करें)

तिथि विशेष : वाहन क्रय-विक्रय मुहूर्त दोपहर 12:35 से सायं 05:05 तक

आज जन्मे शिशुओं का नामकरण

आज जन्मे शिशुओ का नाम कृतिका नक्षत्र के प्रथम, द्वितीय , तृतीय चरण एवं चतुर्थ चरण अनुसार क्रमशः (अ, ई, उ, ए) नामाक्षर से रखना शास्त्रसम्मत है।

उदय-लग्न मुहूर्त

मीन - 29:51 से 07:14, मेष - 07:14 से 08:48, वृषभ - 08:48 से 10:43, मिथुन - 10:43 से 12:58, कर्क - 12:58 से 15:20, सिंह - 15:20 से 17:38, कन्या - 17:38 से 19:56, तुला - 19:56 से 22:17, वृश्चिक - 22:17 से 24:37, धनु - 24:37 से 26:40, मकर - 26:40 से 28:21, कुम्भ - 28:21 से 29:47।

पञ्चक रहित मुहूर्त

शुभ मुहूर्त - 06:15 से 07:14, शुभ मुहूर्त - 07:14 से 08:48, चोर पञ्चक - 08:48 से 10:43, शुभ मुहूर्त - 10:43 से 12:58, रोग पञ्चक - 12:58 से 13:19, शुभ मुहूर्त - 13:19 से 15:20, मृत्यु पञ्चक - 15:20 से 16:23, अग्नि पञ्चक - 16:23 से 17:38, शुभ मुहूर्त - 17:38 से 19:56, रज पञ्चक - 19:56 से 22:17, शुभ मुहूर्त - 22:17 से 24:37, चोर पञ्चक - 24:37 से 26:40, शुभ मुहूर्त - 26:40 से 28:21, रोग पञ्चक - 28:21 से 29:47, शुभ मुहूर्त - 29:47 से 30:14।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष- आज आपका व्यवहार अनाड़ियों जैसा रहेगा बिना सोचे समझे कुछ भी बोल देंगे।
वृष- आज के दिन आप काम की बातों को छोड़ अनर्गल विषयो में भटकेंगे। दिन के पूर्वार्ध से मध्यान तक आलस्य अधिक रहेगा।
मिथुन- आज के दिन आप पूर्व नियोजित योजनाओं को ध्यान में रखते हुए व्यवस्थित रूप से कार्य करेंगे।
कर्क- आज आपको कुछ अतिरिक्त कार्य सौपे जाएंगे लापरवाह एवं आलसी स्वभाव के चलते आरम्भ में ये झंझट लगेंगे।
सिंह- आज का दिन आपको धर्म कर्म पूजा पाठ में सम्मिलित होने के सुअवसर प्रदान करेगा।
कन्या- आज भी परिस्थिति प्रतिकूल रहेगी जल्दी से की कार्य कोंकरने का मन नही करेगा इस कार्य को करेंगे उसमे कोई स्वयंजन ही टांग अडायेगा।
तुला- आज के दिन आपका लक्ष्य घर मे सुख के साधनों की वृद्वि करना रहेगा इसमे काफी हद तक सफल भी रहेंगे।
वृश्चिक- आज के दिन आप पिछले कुछ दिनों से बेहतर अनुभव करेंगे लेकिन आज धन को लेकर कुछ ना कुछ समस्या बनी रहेगी।
धनु- आज का दिन आपके लिये थोड़ा उठापटक वाला रहेगा। आज आप बाहर के लोगो को आचरण में रहने का उपदेश देंगे।
मकर- आज का दिन भी विपरीत फलदायी बना रहेगा। दिन के आरम्भ में ही घर का मंगलमय वातावरण आपकी लापरवाही अथवा उद्दंड व्यवहार के कारण अशान्त बनेगा।
कुंभ- आज का दिन लाभदायक होते हुए भी इसका उचित लाभ नही उठा सकेंगे। पूर्व में बनाई योजना के कारण कार्य व्यवसाय की और ज्यादा ध्यान नही दे सकेंगे।
मीन- आपके लिये आज की दिनचार्य थोड़ी सुस्त रहेगी लेकिन फिर भी शान्तिप्रद रहेगा। आरंभिक भाग में प्रत्येक कार्य मे आलस्य करेंगे घरेलू कार्यो की टालमटोल से परिजनों को परेशानी होगी बहस भी हो सकती है।

पाठकों की बात
पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

कांग्रेस के शेष

कांग्रेस के शेष बचे सांसद अब सदन में रहकर आखिर कितना मुखर हो सकेंगे ! मेरे विचार से सभी को तत्काल प्रभाव से अपना इस्तीफा देकर जनता के करीब अपनी खोई प्रतिष्ठा को पुनः पाने देशव्यापी अभियान छेड़ना शुरू कर देना चाहिए।

- संत आर थवाईत

बसंत की बहार हुई

बसंत की बहार हुई सावन की फुहार हुई तुम्हारी छाया मन में जब से साकार हुई पुलकित मन मतग चला सपनों के हिडोले पर मानस पटल पर इक छवि जाने कहाँ से आ गई तुम्हारी छाया मन में जब से साकार हुई रिस्तों की फुलवारी से संबंधों की डाल पर प्रेम प्रगाढ़ जीवन की नित नई कलियाँ हुई बसंत की बहार हुई सावन की फुहार हुई तुम्हारी छाया मन में जब से साकार हुई।

- ललित उपाध्याय

खास पाती

नाराज है हलचल से ठहरा

नाराज़ है हलचल से ठहरा हुआ सन्नाटा। हर सम्त यहां है जो फैला हुआ सन्नाटा। इक जंग सा ख़ुद से ही लड़ता हुआ सन्नाटा। देखा है किसी ने क्या मरता हुआ सन्नाटा। सच बोलने वालों के अन्ज़ाम पे हँसता है। बस्ती में हर इक लब पे रक्खा हुआ सन्नाटा। खण्डर में इमारत की आहट पे अचानक से। दिखता है परिंदे सा उड़ता हुआ सन्नाटा। तुम होते नहीं तब भी बस बात तुम्हारी ही। करता है मेरे घर में पसरा हुआ सन्नाटा। बेचैन सा करता है हरबार मुझे उसके। होठों पे अचानक से बढ़ता हुआ सन्नाटा। ग़म हो या ख़ुशी जो है आँखों से टपक जाये। यूं अच्छा नहीं होता ठहरा हुआ सन्नाटा। **- राजीव कुमार**

जोड़ घटाव गुणक विभाजन

जोड़ घटाव गुणक विभाजन। इतना भर ही सभीका जीवन अकुलाए ये मन चैत दोपहरी। और कचोटे हर भींगा सावन। सब कुछ देख रहे हैं चुप चुप। वही दिखाए जो देखे दरपन तनिक उचक के देख कमल। संपूर्ण कथा,माटी है जीवन।। जीवन है तो जी भर जी ले। बैचेन करती है यादें पुरातन।

- कमलकांत डोंगरे

जिस प्रवृति का जो होता

जिस प्रवृति का जो होता उसी प्रवृति का मित्र खोजता, यह हर इंसान का स्वाभाविक प्रकृति होता इसलिए आप जैसे-वैसे ही आपके मित्र मंडली, लोगों की बातों को कान से सुनने की अपेक्षा आँखो से देख कर विश्वास करें, क्योंकि इस धरती पर माता सीता यहाँ बदनाम हुई फिर सामन्य स्त्री यानी हम लोग तो बहुत छोटे हैं उनके आगे, इसलिए आप भला तो जग भला। **- मधुबाला मौर्या**

शहर के पेड -पौधों की, शुरु होन से पहले ही, समाप्त हो जाती

शहर के पेड -पौधों की, शुरु होन से पहले ही , समाप्त हो जाती हैं जडे। सीमित दायरा है उनका ,रहने और बढने का। पहले आ गये थे शहर में, उन्हें कुछ ज्यादा नसीब हो गया है। आज कल आने वाले पौधों को, खिड्की और बालकनी में, गमलों में टांग दिया जाता है। इतने ऊँचाई पर हैं कि दिखते नही। दिख भी गये तो, न कोई उल्लास न कोई उमंग। बस अपनी जिन्दगी जिये जा रहे हैं। एक मुठ्ठी खाद और, एक चुल्लू पानी है उनका जीवन। झूठी चमक है उअनकी पत्तियों में, एक दो फूल-फल दिख जाते हैं कभी। न खुश्बू न स्वाद। क्या किसी को छाया देगें, जो खुद अपने अस्तित्व को जूझ रहे हैं। शो प्लांट बन कर रह गये हैं ये पौधे। **- अजय श्री**

मेरी कविता वहां, शब्दविहीन हो

मेरी कविता वहां, शब्दविहीन हो जाती है जहां बेमौसम बारिश की वजह से, उजड़ जाती हैं फसलें , और बह जाते हैं सारे शब्द जैसे, बहते हैं किसान की आंखों से आंसू।

- डॉ अर्चना खंडेलवाल

यथार्थ और परछाइयों में एक द्वंद

यथार्थ और परछाइयों में एक द्वंद है ये जीवन। आवरण मुस्कुराता हुआ अंतर सतह एकांत है ये जीवन। अनुमान और परिवर्तन के मध्य संकुचित है ये जीवन। जीवंत अनुभव और अतृप्त अभिलाषाओं के सम्मुख निरूत्तर है ये जीवन तृष्णा और सीमाओं में गुंथा मरिचिका है ये जीवन। अपरिचित सा मन और अनंत स्वप्नों के पंख फड़फड़ाता सा है पूरा ये जीवन।

- अनामिका चक्रवर्ती

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1552- गुरू अमरदास सिखों के तीसरे गुरू बने। 1770- अंग्रेजी एक्सप्लोरर कप्तान जेम्स कुक और एचएमएस एंडेवर के चालक दल ने न्यूजीलैंड के सर्कनीव्यूजिंग को पूरा किया। 1780- ब्रिटेन के अखबार ब्रिट गैजेट और संडे मॉनिटर पहली बार रविवार को प्रकाशित हुए। 1812- वेनेजुएला के सबसे बड़े शहर कराकास में जबरदस्त भूकंप की वजह से शहर का 90 प्रतिशत हिस्सा ध्वस्त हो गया और करीब 20 हजार लोगों की मौत हो गई। 1845- एडहेसिव मेडिकेटेड प्लास्टर को पेटेंट प्रदान किया गया। 1904- लंदन के हाइड पार्क में 80 हजार लोगों ने चीनी श्रमिकों के आयात के विरोध में प्रदर्शन किया। 1907- हिंदी की मशहूर कवयित्री महादेवी वर्मा का फर्रूखाबाद में जन्म। 1943- एल्सी एस ओट्ट को अमेरिकी वायुसेना पदक मिला और वह यह पदक पाने वाली पहली महिला बनीं। 1953- डा जोनास साल्क ने पोलियो से बचाव के लिए नए टीके की घोषणा की।

QUIZ TIME

1) ब्लू ड्यूक बटरफ्लाई किस राज्य की स्टेट बटरफ्लाई घोषित किया गया है?
2) 400 टी20 मैच खेलने वाले पहले भारतीय क्रिकेटर कौन बने हैं?
3) प्रतिवर्ष वर्ल्ड टेलीविजन दिवस कब मनाया जाता है?
4) किसने निकोबारी होदी शिल्प के लिए भौगोलिक संकेत टैग के लिए आवेदन किया है?
5) अन्तर्राष्ट्रीय टेबल टेनिस महासंघ के एथलीट कमीशन में चुने जाने वाले पहले भारतीय कौन बने हैं?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) सिक्किम (2) रोहित शर्मा (3) 21 नवंबर (4) अंडमान और निकोबार द्वीप समूह (5) शरत कमल

प्रेरक प्रसंग - लहरों से डरना नहीं

एक समय की बात है, एक महात्मा नदी किनारे खड़े होकर प्रकृति को निहार रहे थे। कल-कल नदियों का बहना, ठण्डी-ठण्डी हवाएं और पेंड के पत्तों का झूमना, बहुत ही आनंदमय वातावरण था।

दूर कहीं पर्वत पर काले बादल छाए हुए थे, और मन को तृप्त कर देने वाला शांतमय वातावरण था।

तभी उन महात्मा के पास एक शिष्य आया, उस शिष्य के मन में कुछ सवाल था। वह जिज्ञाषा से भरा हुआ था, अपने जिज्ञासा को दूर करने के लिए शिष्य ने महात्मा से पूछा -गुरूजी, आप जिस प्रकार इस भूमि में चल सकतें है, उसी प्रकार इस पानी पर भी चल सकते हैं।

परन्तु जब हम पानी पर चलने जाते है, तब डूबने लगते है, ऐसा क्यों गुरूजी।

गुरूजी शिष्य से बोले की - जिसके हृदय में श्रद्धा, निष्ठा है, और अपने गुरु या पूज्य के प्रति विश्वास है, वह एक नाव के सामान इस पानी पर चल सकता है, वह डूबेगा नहीं।

गुरूजी की इन बातों को सुनकर शिष्य बोला - गुरूजी, मेने जबसे आपको देखा है, तबसे मेरे दिल में आपके लिए श्रद्धा है। मुझे भी पूरा विश्वास है, और आप ही की तरह मै भी आस्थापूर्ण हूँ।

तब गुरूजी बोले - मेरे साथ आओ शिष्य और हम दोनों मिलकर इस पानी पर चलते हैं। गुरूजी पानी पर चलने लगें, पीछे-पीछे शिष्य भी पानी पर चलने लगा।

कुछ दूर चले ही थे की अचानक एक लहर उठी, गुरूजी उस लहर पर चलने लगे, परन्तु शिष्य उस लहर को देख घबरा गया और छटपटाते हुए पानी में डूबने लगा, उसने चिल्लाया गुरूजी-गुरूजी बचाओ।

गुरूजी ने उसे बचाया फिर उससे पूछा की शिष्य क्या हुआ - शिष्य भय से बोला, गुरूजी जब मैने लहरों को देखा तो ऐसा लगा मानो वह मुझे निगल जायेगा और मै पूरी तरह डर गया।

गुरूजी बोले इ अफसोस मेरे बच्चे, तुमने लहरों को तो देखा, मगर लहरों के उस स्वामी को नहीं देखा जो हमेसा मदद के लिए तैयार रहता है। दोस्तों कहानी का तात्पर्य बहुत ही Simple है, की हमे किसी चीज़ पर विश्वास करनी है तो पूरी दिल से करनी चाहिए। अगर कोई काम सहीं है हमारा दिल कहता है, यह सहीं है तो उस कार्य को करना ही चाहिए चाहे कितनी भी मुश्किल क्यों न आये। देर सहीं पर मेहनत एक दिन जरूर रंग लाएगी।

वर्ग पहेली

शब्द सामर्थ्य -014

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं :

1. लज्जत, जायका 2. मुकाबला, भेंट, होड़ 5. बंदी, कैद की सजा पाने वाला व्यक्ति 7. खल-पात्र, नाटक फिल्म आदि का बुरा पात्र 9. कामी, व्याभिचारी 10. इज्जत जाना, बेइज्जती होना (उपमा)11. ऊटपटांग, विचित्र, कठिन 13. वैभव, ठाट-बाट 14. साथ, सहित 15. कामदेव की पत्नी, प्रेम 16. मैं का बहुवचन 17. दरवाजे-दरवाजे 20. एक राशि, मगर 22. नमी, सील, मुहर, ठप्पा 23. औषधालय, चिकित्सालय।

ऊपर से नीचे

1. आत्मनिर्भर, स्वालंबन भावना से युक्त, स्वाश्रित 2. वर्ष, बरस 3. राजी करना, रूठे हुए को खुश करना, प्रसन्न करना 4. नाटक फिल्म आदि का मुख्यपात्र 6. दीवानगी, पागलपन, 7. दो वस्तुओं के टकराने से उत्पन्न ध्वनि, बैर-विरोध, अनबन 8. खीरे की प्रजाति का एक फल 11. बेवकूफ, मूर्ख 12. बादल, मेघ 13. बहुत चालाक, होशियार 14. जिसका मत दूसरे से मिलता हो, 15. दांत, दंत 18. प्राप्ति, वस्तु आदि मिलने का प्रमाण पत्र 19. दंगा-फसाद, उपद्रव विप्लव 21. बचाव, सुरक्षा।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 013का हल

हमारी सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में और युवाओं के कल्याण के लिए उल्लेखनीय कार्य किए : सीएम

■ मुख्यमंत्री ने पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय में लगभग 17 करोड़ रूपए के कार्यों का लोकार्पण शिलान्यास किया

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में लगभग 17 करोड़ रूपए के विभिन्न कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इसमें 10 करोड़ 03 लाख रूपए के लोकार्पण और 6 करोड़ 58 लाख रूपए के शिलान्यास कार्य शामिल हैं। उन्होंने इस अवसर पर परिसर में स्थित बंजारी मंदिर में आदि शक्ति बंजारी माता का दर्शन कर पूजा-अर्चना किए और प्रदेशवासियों के सुख समृद्धि व खुशहाली की कामना की। साथ ही मंदिर परिसर में करीब 3 करोड़ रूपए के कार्यों का लोकार्पण किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने छत्तीसगढ़ में शिक्षा के क्षेत्र चाहे वह उच्च शिक्षा हो या स्कूल शिक्षा सभी में उल्लेखनीय कार्य किए हैं और युवाओं के कल्याण के लिए भी कदम उठाए हैं। राज्य सरकार ने आईटीआई के नए ट्रेड प्रारंभ किए है ताकि हमारे युवा नए क्षेत्रों में और बाजार की मांग के अनुरूप रोजगार प्राप्त कर सके। साथ ही हम 01 अप्रैल 2023 से प्रदेश के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को 2500 प्रति माह बेरोजगारी भत्ता देने जा रहे हैं।

कुछ वर्ष पहले छत्तीसगढ़ में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में कम संख्या में विश्वविद्यालय और कॉलेज थे। मगर अब विश्वविद्यालय की संख्या में अच्छी-खासी बढ़ोत्तरी हो गई है। बड़ी संख्या में कॉलेज खुल गए हैं। जहां दूरस्थ क्षेत्रों में कॉलेज नहीं थे, वहीं अब वहां के युवाओं को वहीं पढ़ने की सुविधा मिल रही है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने इन चार सालों में दो विश्वविद्यालय खोले और 33 नए शासकीय और 76 नए अशासकीय कॉलेज खोले। वहीं इस साल 23 नए कॉलेज भी स्वीकृत हैं। इससे महाविद्यालयों के सीटों की संख्या में 1 लाख से अधिक की बढ़ोत्तरी हुई है। उन्होंने कहा कि सीटों की संख्या बढ़ने से सबसे अधिक गरीब और ग्रामीण क्षेत्रों में छात्र-छात्राओं को लाभ मिलेगा, उन्हें पहले सीटों की संख्या कम होने के कारण शासकीय कॉलेज में प्रवेश के लिए दिक्कत होती थी, अब उन्हें शासकीय कॉलेज में आसानी से प्रवेश मिल सकेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अच्छी शिक्षा के लिए आवश्यक है कि शिक्षण संस्थानों में पर्याप्त संख्या में शिक्षक हो, इसलिए हमारी सरकार ने अब तक 1200 सहायक प्राध्यापक की नियुक्ति कर ली है। साथ ही 40-40 ग्रन्थपाल और क्रीड़ा अधिकारियों की नियुक्ति भी की है। यहीं नहीं स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता सुधारने के लिए ठोस कदम उठाए और 279 स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय खोले और बजट और अन्य घोषणाओं के साथ अब इसकी संख्या 300 से ज्यादा हो जाएगी।

साहित्यिक व सांस्कृतिक संस्था ऋचा ने मनाया वार्षिकोत्सव

रायपुर/नवप्रदेश। साहित्यिक व सांस्कृतिक संस्था ऋचा का वार्षिक आयोजन व स्थापना दिवस वृंदावन सभागार में 19/3/23 को संपन्न हुआ, सचिव नीता श्रीवास्तव ने कार्यक्रम की रूपरेखा पेश की । संरक्षक कल्पना यदु, ब्रिगेडियर प्रदीप यदु,मंजु यदुजी अध्यक्ष लतिका भावे द्वारा माँ सरस्वती, स्व शांति यदु को माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन कर विधिवत उद्घाटन संपन्न हुआ, डॉ चितरंजन कर द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। वार्षिक प्रतिवेदन का पठन मीना शर्मा ने किया । अपनी ज़मीं अपना आसमान पैदा कर, तू अपने लिये एक इतिहास पैदा कर, मांगने से कब मिली हैं खुशियाँ किसी को, तू अपने हर कदम पर विश्वास पैदा कर शायद इसी जज़्बे को लेकर शांति जी ने ऋचा का बीज बोया था, जो विशाल वृक्ष में तब्दील हो गया है, साहित्यकारों की कलम और सांस्कृतिक गतिविधियों से यह पल्लवित और पोषित हो रहा है, पुनीत आत्माओं के कर्म ही कहानी बनकर उनकी पुण्य स्मृति में सहेज लिये जाते है, इसी श्रृंखला में ब्रिगेडियर प्रदीप यदु के द्वारा शांति यदु जी के कार्यकाल से लेकर वर्तमान कार्यों का ब्यौरा देते हुए वृत्तचित्र दिखाया गया । स्व इंदु रावल जी की स्मृति में इंदुप्रभा सम्मान आद कल्पना यदु को प्रदान किया गया, वर्षा रावल की माताश्री के नाम से यह सम्मान हर वर्ष दिये जाने की घोषणा रावल परिवार द्वारा की गई।

गरीबों के चावल पर डाका डालने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई, सीएम ने दिए निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि गरीबों के चावल की गड़बड़ी करने वालों को बक्शा नहीं जाएगा। राशन की हेराफेरी में शामिल लोगों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री के निर्देश पर खाद्य विभाग के अधिकारियों को प्रथम दृष्टया में राशन के बचत स्टॉक की कमी पाए जाने वाले उचित मूल्य दुकानों की विस्तृत जांच रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सितम्बर 2022 में जिन उचित मूल्य दुकानों में बचत स्टॉक में कमी पायी गई है, उन दुकानों में स्टॉक में कमी के वास्तविक कारणों का परीक्षण किया जाए। अनियमितता पाए जाने पर संबंधितों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाए तथा इसकी रिपोर्ट खाद्य विभाग को भेजी जाए। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने यह भी बताया कि उचित मूल्य दुकानों में सितम्बर 2022 में राशन सामग्री के बचत स्टॉक के सत्यापन के सिलसिले में 13 प्रकरणों में एफआईआर दर्ज किया गया है।





न्यूज गैलरी

मोहला में योग व व्यायाम केन्द्र की स्थापना

राजनांदगांव/नवप्रदेश। वर्तमान प्रतियोगी और व्यस्तता के इस दौर में शरीर और मन को स्वस्थ रखना एक बड़ी चुनौती है। स्वस्थ शरीर और शांत मन के लिए योग व व्यायाम से अच्छा कोई विकल्प नहीं है। इस दिशा में वनांचल की अग्रणी समाज सेवी संस्था श्री धर्मनाथ तिवारी स्मृति सेवा समिति मोहला द्वारा डीएनटी पब्लिक स्कूल, मोहला में एक स्थायी योग एवं व्यायाम केन्द्र की स्थापना 17 मार्च 2023 को की गई है। इस अवसर पर समिति के सचिव संतोष पाण्डेय, कोषाध्यक्ष अनिल तिवारी के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर योग एवं व्यायाम केन्द्र की शुभारंभ किया गया। यह केन्द्र अंचल के महिलाओं एवं बच्चों के लिए प्रतिदिन प्रातः 6 से 7 बजे तक पूर्णतः निःशुल्क संचालित होगा। सचिव संतोष पाण्डेय ने बताया कि समिति द्वारा इस हेतु एक प्रशिक्षित योगा एवं व्यायाम शिक्षक की नियुक्ति की गई है। योग विशेष रूप से बच्चों में एकाग्र शक्ति को बढ़ाने एवं फोकस निर्माण के लिए बहुपयोगी है। योग से शरीर व मन दोनों को स्वस्थ रखने में मदद मिलता है। इस हेतु समिति द्वारा किये गए इस प्रयास की सभी ने प्रशंसा की। कार्यक्रम में अंचल के बच्चे, महिलायें एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

युवा कांग्रेस द्वारा केंद्र सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन

दल्लीराजहरा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा के निर्देशानुसार, बालोद जिला युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष प्रशांत बोकडे के मार्गदर्शन में एवं डौंडीलोहारा विधानसभा के अध्यक्ष भरत देवांगन के नेतृत्व में राहुल गांधी जी को सूरत हाई कोर्ट द्वारा 2 साल की सजा सुनाने के बाद आक्रोश में 23 मार्च को युवा कांग्रेस दल्लीराजहरा द्वारा केंद्रीय में बैठी मोदी सरकार का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया और राहुल गांधी के ऊपर लगाए गए बेबुनियाद इल्जाम को हटाने के लिए जनाक्रोश कर नारे बाजी की गई। अध्यक्ष भरत देवांगन द्वारा कहा गया की राहुल गांधी के ऊपर लगाए गए ये आरोप और सजा सिर्फ केंद्रीय में बैठी मोदी सरकार की साजिश है और ये सिर्फ मोदी और अडानी को मिलाने का प्रयास है,ये सिर्फ हमारे नेता राहुल गांधी को बदनाम करने के लिए साजिश रची जा रही है,जिसमे मोदी और अडानी भाई भाई का रिश्ता निभा रहे है। इस जनाक्रोश पुतला दहन कार्यक्रम में दल्लीराजहरा नगर पालिका अध्यक्ष शिबू नायर,ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अशोक बांबेश्वर, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी महामंत्री विवेक मसीह,जसविंदर सिंह गिल,स्वप्निल तिवारी, खिलेश पटेल, राहुल पाठक,नदीम,इरफान,विनय देवांगन,अक्षय, कृशांत कुमार आदि बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस के सभी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

एबीईओ ने स्कूलों का किया निरीक्षण

खैरागढ़/नवप्रदेश। छुईखदान ब्लॉक के एबीईओ शिवेंद्र त्रिपाठी के द्वारा महराटोला, भोरमपुर बूढ़ानभाट, मानपुर, जीराटोला, रेंगाखार, बरवाही,

कुंभरवाड़ा, देवरच्चा, साल्हेवारा, खादी, सहित अन्य प्राथमिक शाला व माध्यमिक शाला का निरीक्षण कर श्री त्रिपाठी के द्वारा स्कूलों के रखरखाव व पढ़ाई लिखाई में कसावट लाने के लिए शिक्षकों को अध्यापन व व्यवस्थापन के लिए निर्देशित किया।

विधानसभा में गूंजा छुईखदान-दनिया मार्ग के मुआवजा का मामला

- ताम्रकार के अगुवाई में हुए आंदोलन से बना मुआवजा मिलने का रास्ता
- पहला बवाल मचा गणना पत्र के नाम पर

राजनांदगांव/नवप्रदेश। संयुक्त राजनांदगांव जिले में एडीबी प्रोजेक्ट अंतर्गत 75 करोड़ रूपये की लागत से छुईखदान से दनिया तक 26.96 किलोमीटर सड़क का निर्माण एनसी नाहर ठेकेदार द्वारा एडीबी कि ओर से सलाडिया एसोसिएट एवं परियोजना प्रबंधक, उपप्रबंधक और इंजीनियर के तकनीकी देख रेख में मार्च 2020 में कार्य प्रारंभ हुआ। कार्य प्रारंभ करने के पूर्व एक निजी एनजीओ वन फाऊंडेशन को सामाजिक व्यवस्थापन सर्वे हेतु एडीबी प्रोजेक्ट के लिए अनुबंधित किया गया।

मार्ग के जद में आने वाले 15 गांव एवं छुईखदान नगर के निजी एवं शासकीय अधोसंरचना मकान पशु शेड, दुकान, शौचालय, बाउंड्रीवाल, कुंआ इत्यादि का आंकलन करने का कार्य वन फाऊंडेशन के द्वारा ही किया गया, जिसके गणना को लेकर सबसे पहले बवाल मचा। इस बवाल ने ही इस पुरे गड़बड़ी के खुलासे के लिए चिंगारी का काम किया, जिनके अधोसंरचना टूटने लगा और इसके लिए एडीबी प्रोजेक्ट कि ओर से प्रभावितों को सहायता राशि के लिए चेक का वितरण चालू किया गया, तब प्रभावित लोगों ने गणना पत्र की मांग किए, जिस पर वन फाऊंडेशन कि ओर से उसके सचिव सुशील ओझा ने गोल-मोल जवाब देते हुए महीनों प्रभावितों को घुमाते रहे।

पुनः सर्वे का आदेश

9 नवंबर 2022 को आनन-फानन में प्रशासन ने एसडीएम कार्यालय छुईखदान में त्रिपक्षीय बैठक बुलाई, जिसमें राजस्व विभाग, एडीबी प्रोजेक्ट के अधिकारियों के साथ प्राभावित किसानों कि ओर से खम्हन ताम्रकार, सुधीर गोलछा सहित एक बड़ा प्रतिनिधि मंडल शामिल हुआ। काफी गहमा-गहमी के बीच में बैठक संपन्न हुआ। पुनः सर्वे कराकर मुआवजा प्रकरण दर्ज करने पर सहमति बनी, इसके बाद किसानों में आस जगी।

छुईखदान एसडीएम के आदेश के बाद भी अंतिम तक नहीं दिए प्रभावितों को गणना पत्र।

किसानों को मिला ताम्रकार का साथ

इधर जनाक्रोश लगातार बढ़ने लगा, गांव-गांव में बैठक होने लगा। जिनकी जमीनों पर बलपूर्वक कब्जा कर सड़क निर्माण किया गया, वो किसान एकजुट होने लगे। किसानों ने जिम्मेदार अधिकारियों के बाद क्षेत्र के छोटे-बड़े सभी नेताओं के पास मुआवजा दिलाने की गुहार लगाते रहे, किन्तु कोई चुनाव नहीं होने से भी नेताओं ने कन्नी काट लिये, किन्तु किसानों के इस तकलीफ में सबसे पहले और एकमात्र साथ देने वाले नेता बने खम्हन ताम्रकार, जिनके नेतृत्व में मुआवजा के लिए पहला और बड़ा आंदोलन अधिकार पदयात्रा के रुप में दनिया से छुईखदान तक 27 किलोमीटर हजारों की संख्या में प्रभावित किसान और उनके परिवार लोग पैदल चलकर एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन सौंपकर मुआवजा राशि देने की मांग के साथ-साथ सभा कर जमकर दोषी अधिकारियों पर निशाने साधे। खम्हन ताम्रकार के अगुवाई के इस आंदोलन को युवा नेता सुधीर गोलछा के समर्थन मिल जानें से और पदयात्रा में साथ पैदल चलने से आंदोलन को बल मिला। इस आंदोलन के बाद ही प्रशासन हरकत में आई।

किसानों की जमीन पर बलपूर्वक कब्जा

इधर राजस्व विभाग के एक बड़े अधिकारी और सलाडीया एसोसिएट की मिलीभगत और उनके शह पर ठेकेदार द्वारा सैंकड़ों किसानों के निजी जमीन पर बलपूर्वक कब्जा कर सड़क निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया। किसान बोलते रहे की हमारी जमीन पर सड़क निर्माण मत किजिए। पहले अधिग्रहण कर मुआवजा दें, फिर सड़क निर्माण करें। किसान गुहार लगाते रह गए, पर जिम्मेदार अधिकारियों ने मोटी कमीशन के चक्कर में किसानों और प्रभावितों की एक न सुनी।

भक्त माता कर्मा ने मानव समाज को दिया भाईचारे और समरसता का संदेश : छाबड़ा

- साहू समाज सामुदायिक भवन एवं आहता निर्माण राशि 10 लाख लोकार्पण कर दी सौगात

बेमेतरा/नवप्रदेश। विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत परपोड़ा में अयोजित भक्त माता कर्मा जयंती एवं लोकार्पण/भूमिपूजन समारोह में मुख्य अतिथि बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा शामिल हुए। भक्त माता कर्मा मंदिर में पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना साथ ही विधायक निधि से निर्मित सामुदायिक भवन निर्माण 7 लाख फीता काट लोकार्पण सहित भवन में आहाता निर्माण कार्य 3 लाख रुपए का विधिविधान से पूजा पाठ कर नारियल तोड़ भूमिपूजन किए। इस अवसर पर विधायक आशीष छाबड़ा ने संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ ही नहीं पूरे भारत वर्ष में भक्त माता कर्मा जयंती समारोह का आयोजन किया जाता हैं, आयोजन के दौरान

गांवों में कलश यात्रा और शोभा यात्रा निकालने की भी परंपरा हैं, इसके माध्यम से भक्त माता कर्मा, भगवान कृष्ण और बलभद्र का स्मरण करते हैं, भगवान जगन्नाथ के भोग के रूप में खिचड़ी का प्रसाद भी वितरित किया जाता हैं। संगठन और समर्पण में शक्ति होती हैं, आराध्य माँ कर्मा ने अपनी भक्ति भाव से साक्षात् भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन किए और उनका आशीर्वाद ग्रहण किया, उनके जीवन से हमें श्रद्धा, भक्ति, नारी सम्मान और मानव सेवा की शिक्षा मिलती हैं। माता कर्मा का विराट व्यक्तित्व हम सभी को भक्ति के मार्ग पर चलते हुए लोगों की सेवा करने हेतु सदैव प्रेरित करता रहेगा। हमें भक्त माता कर्मा के रास्ते पर चलते हुए समाज को जोड़ने और समाज में कटुता को दूर कर सामाजिक समरसता और भाई चारे के लिए काम करना हैं। भक्त माता कर्मा ने ईश्वर के प्रति श्रद्धा और विश्वास की शक्ति से परिचित कराया, उन्होंने मानव समाज को भाईचारे और समरसता का संदेश दिया। इस अवसर पर टीआर साहू सदस्य जिला पंचायत, गैदराम साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ बेमेतरा, उमाशंकर साहू अध्यक्ष तह. संघ ने भी सभा को संबोधित किया। आयोजन में कमल वर्मा अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति, गौरीशंकर शर्मा, संतोषी डोमन साहू सरपंच, बीरेंद्र साहू इकाई अध्यक्ष, छेदिलाल साहू, जानोराम साहू, मनोहर साहू, शंकर साहू, भुवनेस्वर साहू, मनोज साहू, लायकराम साहू, अमेश साहू, तेजराम साहू, बलदाऊ वर्मा, कमल साहू, देवेंद्र साहू, भीखा साहू, घासीराम साहू, बिसहत साहू, भारत साहू, मुक्त साहू, मनहरन साहू, तिरिथ साहू, द्वारिका साहू, ईश्वर साहू, पुरुषोत्तम साहू, बबला साहू, हरिचंद साहू सहित बड़ी संख्या में सामाजिक पदाधिकारीगण सदस्यगण व ग्रामवासी उपस्थित रहें।

मुख्यमंत्री के घोषणा से किसानों में खुशी की लहर

साजा/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ विधानसभा में किसानों के हित में बड़ा निर्णय लेते हुए प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान की समर्थन मूल्य पर खरीदी करने की घोषणा की हैं। उक्त फैसले में संतोष वर्मा अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी साजा ने प्रेस वार्ता कर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे का क्षेत्र के किसानों की ओर धन्यवाद कर आभार व्यक्त किया और कहा कि इस फैसले से पूरे प्रदेश के किसानों में सर्वत्र खुशी की लहर दौड़ गई हैं।छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा बीते चार वर्षों में लिए गए दर्जनों किसान हितैषी फैसलों की बदौलत राज्य में लगातार तेजी से खेती-किसानी में सकारात्मक बदलाव आ रहा हैं। राज्य के किसान आधुनिक खेती की ओर भी तेजी से बढ़ने लगे हैं। राजीव गांधी किसान न्याय योजना से मिलने वाली 9 हजार रूपए प्रति एकड़ इनपुट सब्सिडी से किसान पहले की तुलना में काफी मजबूत हुए हैं। खेती-किसानी में किसानों की रूचि बढ़ी हैं, पहले से खेती छोड़ चुके किसान अब फिर से खेती-किसानी की ओर लौटने लगे हैं। संवेदनशील मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के इस फैसले से आने वाले समय में प्रदेश के किसान और अधिक खुशहाल बनेंगे। जब किसान खुशहाल होंगे तो प्रदेश के बाजार में पैसा आएगा और व्यापार-व्यवसाय भी बढ़ेगा। इस ऐतिहासिक निर्णय से निश्चित रूप से किसानों के जेब में अधिक पैसा आयेगा और वें आर्थिक रूप से सबल बनेंगे। छत्तीसगढ़ सरकार वास्तव में किसान हितैषी सरकार हैं, कर्ज माफी, समर्थन मूल्य पर धान खरीदी, राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत बैंक खाते में राशि भुगतान करने से किसान मजबूत हुए हैं। किसानों का मानना है कि राज्य में खेती-किसानी को लगातार मिल रहें प्रोत्साहन और उन्नत खेती के कारण धान की पैदावार लगातार बढ़ रही हैं। धान बेचने के लिए पहले 15 क्विंटल प्रति एकड़ की लिमिट तय थी, इसलिए पैदा की गई अतिरिक्त फसल को औने-पौने दाम पर बेचना पड़ता था, अब इस सीमा को 20 क्विंटल प्रति एकड़ कर देने से किसान अधिक धान समर्थन मूल्य पर बेच सकेंगे।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग

उद्घोषणा

202303100400542/
अ -2 2022-23

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/ आवेदिका शिव कुमार तिवारी आ / पति रामसहाय तिवारी निवासी -सिकोला के द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम - सिकोला प.ह.न 17/8 तहसील व जिला दुर्ग के स्थित भूमि खसरा नंबर 52/144 रकबा 0.014 हें 1500 वर्गफीट (आवासीय) प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भ.रा.सं. की धारा 59(2) के तहत् पुनिर्धारण बावत् आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में आयोजि भूमि के संबंध में जिस किसी व्यकित अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा /आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 21/03/2023 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मद मुद्रा के साथ जारी किया गया है।

सील

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 2
मामले की श्रेणी राजस्व
संदर्भ जिला दुर्ग - तहसील दुर्ग -प.ह.न 00001 खुरसीडीह ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध क्रमांक आरडी202223430106500001

ईश्तहार

बेमेतरा/नवप्रदेश। विधायक आशीष छाबड़ा ने प्रदेश के धान खरीदी केंद्रों में धान खरीदी की सीमा 20 क्विंटल किए जाने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आभार व्यक्त किया है। इस अवसर पर विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार किसान हितैषी सरकार है। प्रदेश की पहली सरकार हैं, जिसमें किसानों का इतनी बड़ी मात्रा में कर्ज माफ किया तथा पूर्ति वर्ष 25 सौ रुपए क्विंटल की दर से धान की खरीदी की, कोरोना काल की मजबूरी के चलते भी किसानों से धान की खरीदी प्रभावित नहीं हुई। केंद्र की भाजपा नीत सरकार ने किसानों से प्रदेश सरकार धान खरीदी ना कर सकें इसके लिए लाखों उपाय किए, फिर भी प्रदेश की भूपेश सरकार ने किसानों से उनके पूरे धान खरीदी की आगामी वर्ष में प्रदेश की सरकार 28 सौ रुपए क्विंटल की दर से धान खरीदी करने का फैसला किया हैं, जो प्रदेश के इतिहास में अब तक धान खरीदी की सर्वाधिक दर होगी। प्रदेश की सरकार ने किसानों को किसी प्रकार की समस्या ना हो इस कारण धान खरीदी केंद्रों की संख्या भी बढ़ाई हैं। प्रदेश की पहली सरकार हैं जो किसानों से उनके उपज का एक-एक दाना खरीद रही है और उनको उनके मेहनत का पूर्ण प्रतिफल दे रही हैं। भूपेश सरकार ने किसानों के लिए न्याय योजना के माध्यम से किसानों को लाभान्वित किया हैं। किसान भली-भांति समझ रहे हैं कि भूपेश सरकार ही है जो किसानों के हितों में सदा उनके साथ खड़ी हैं, जबकि भाजपा सरकार ने गत वर्ष धान के बोरों की सप्लाई रोक कर धान खरीदी को प्रभावित करने का प्रयास किया, लेकिन कांग्रेस की सरकार ने धान खरीदी प्रभावित ना हो इसको देखते हुए किसानों से ही उनके बोरों में धान खरीदा, किसानों को बोरों का भी उचित मूल्य प्रदान किया और सुचारू रूप से धान की खरीदी जारी रखीं। इस वर्ष भी किसानों से सुचारू रूप से धान खरीदी की गई, किसी प्रकार की कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई हैं। विधायक आशीष छाबड़ा ने प्रति एकड़ 20 क्विंटल की दर से खरीदी के निर्णय को अविस्मरणीय बताया, जो किसानों को उनके उपज का सही मूल्य मिल सकेगा। विधायक आशीष छाबड़ा ने बताया कि वे लगातार किसानों से मिल रहे हैं और उन्हें धान खरीदी की सीमा बढ़ाने को लेकर किसानों से प्रदेश सरकार के प्रति आभार सुनने को ही मिल रहा है। किसानों के बीच हर्ष का माहौल हैं, आगामी चुनाव में भी प्रदेश की किसान किसानों की सरकार अर्थात भूपेश बघेल की सरकार बनाने जा रहे हैं इसमें कहीं किसी प्रकार का संदेह नहीं हैं।

मुख्यमंत्री भूपेश की घोषणा से किसानों के चेहरे खिले

भाटापारा/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा किसानों के हित में एक बड़ा फैसला लेते हुए किसानों से समर्थन मूल्य पर अब प्रति एकड़ 15 क्विंटल की जगह 20 क्विंटल धान खरीदी की घोषणा की गयी है। धान खरीदी की मात्रा 15 से बढ़ाकर 20 क्विंटल प्रति एकड़ किए जाने के फैसले जिले के किसान बेहद गदगद हैं। उन्होंने फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि अब अतिरिक्त धान को औने-पौने दाम पर बेचने की मजबूरी नहीं रहेगी। किसानों ने कहा कि आखिर किसान के दर्द को एक किसनिहा मुख्यमंत्री ने समझा। सभी ने एक स्वर में मुख्यमंत्री को बारंबार धन्यवाद देते हुए उनका आभार जताया। बलौदाबाजार तहसील के ग्राम अकलतरा में रहने वाले किसान श्री भागीरथी पाटले ने इस घोषणा को किसानों के हित में लिया गया बड़ा निर्णय बताया। उन्होंने बताया कि वे 3.5 एकड़ में खेती करते हैं और लगभग 65 क्विंटल धान की पैदावार होती है। 15 क्विंटल के बाद बाकी का धान औने-पौने दाम पर बाजार में 1200-1300 रुपये प्रति क्विंटल में बेचते थे। इस फैसले से प्रति क्विंटल हमें 30 से 35 हजार रूपए की बचत होगी। उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ देश का एकमात्र राज्य है जहां किसानों के हित में ऐसा निर्णय लिया गया है। भाटापारा नगर निवासी संपन्न किसान श्री मोहित वर्मा ने बताया कि उनके पास 6 एकड़ खेत है। उन्होंने इस फैसले को किसानों के लिए फायदेमंद बताते हुए मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि हमारे जमीन उपजाऊ है एवं पानी भी अच्छी मात्रा में उपलब्ध है। जिसमें हमारे खेत में लगभग प्रति एकड़ 19 से 22 क्विंटल तक धान हो जाती है।

महिला शिक्षक ने शिक्षक पर छेड़खानी का लगाया आरोप

खैरागढ़/नवप्रदेश। खैरागढ़ ब्लॉक के चिचोला स्कूल में पदस्थ महिला शिक्षक 3 फरवरी दिन गुरुवार को बोर्ड परीक्षा की ड्यूटी कर रही थी उसी समय तबियत थोड़ी खराब हो गई महिला शिक्षक ने दवाई खाने के लिये बोर्ड परीक्षा प्रभारी सनद कुमार साहू से अनुमति लेने के बाद प्राचार्य कक्ष में दवाई खाने के लिए चली गई दवाई खाने के बाद महिला शिक्षक वापस परीक्षा ड्यूटी केंद्र में जा रही थी उसी समय प्राचार्य कक्ष में पहले से मौजूद शिक्षक नरेश कुमार हरिहरनो पहले से मौजूद था महिला शिक्षक ने आवेदन में बताया कि शिक्षक नरेश कुमार के द्वारा मुझे बहुत गंदा या बुरी नियत से देखा स्पर्श करने की कोशिश किया गया उसके बाद मैंने प्राचार्य कक्षा से बाहर निकलकर परीक्षा केंद्र की ओर चली गई मेरी मानसिक स्थिति खराब होने के बाद मैंने केंद्र अध्यक्ष से छुट्टी लेकर अपने स्कूल की महिला कर्मचारी को जानकारी दी उसके बाद मैंने शाला के प्रभारी प्राचार्य आत्माराम साहू को मौखिक रूप से अपनी पूरी बात को बताया हूँ मेरे द्वारा 16 मार्च को लिखित शिकायत में प्रभारी प्राचार्य को दे दी हूं मेरे द्वारा आवेदन में लिखा गया है कि शिक्षक नरेश कुमार हरिहरनो के विरुद्ध कठोर से कठोर कार्यवाही कर जांच की जाए ताकि भविष्य में किसी भी महिला कर्मचारी व छात्राओं के साथ इस तरह की घटना घटित ना हो इस घटना की निष्पक्ष व त्वरित कार्यवाही की जाए,इस घटना व शिकायत के बाद चिचोला स्कूल में पदस्थ महिला शिक्षिका ने 16 मार्च को स्कूल के प्राचार्य को आवेदन दिया था आवेदन कार्यालय को प्राप्त होने के बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच टीम गठित कर कार्यवाही की जा रही है।

मामला 2 फरवरी का है। मेरे पास 16 फरवरी को आया था। डीईओ को मामले की जानकारी दे दी गई है।
प्रधान पाठक प्राथमिक शाला चिचोला

ग्राम खेल समिति से जुड़ रहे वनांचल के युवा

कवर्धा नवप्रदेश। कबीरधाम पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के मार्गदर्शन में गठित ग्राम खेल समिति से लगातार अति नक्सल प्रभावित, वनांचल एवं मैदानी क्षेत्रों के गांव ग्राम खेल समिति में जुड़ रहे हैं। आज बोडला थाना अंतर्गत अति नक्सल प्रभावित ग्राम रानीदहरा के आश्रित ग्राम नयाटोला के युवाओं ने खेल समिति में शामिल होने पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर आग्रह किया। पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह ने तत्काल ग्राम नयाटोला को खेल समिति में जोड़ा और ग्राम खेल समिति का टीशर्ट प्रदान किया गया।

पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह ने बताया कि कबीरधाम पुलिस के द्वारा पुलिस और आम जनों के आपसी संबंध को मजबूत कर असामाजिक तत्वों पर लगाम लगाने तथा गाँव में छुपे हुए प्रतिभावान खिलाड़ियों को एक मंच प्रदान करने के उद्देश्य से पुलिस ग्राम के समिति का गठन किया गया है। जिसमें लगातार ग्राम वासियों के द्वारा अपने-अपने गाँव को ग्राम से समिति से जोड़ने के लिये थानों में कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया जा रहा है तथा स्वयं आकर ग्राम खेल समिति में जुड़ने का प्रस्ताव रख रहे हैं और ग्राम खेल समिति से जोड़ा जा रहा है। आज ग्राम रानीदहरा के आश्रित ग्राम नयाटोला को ग्राम खेल समिति में जोड़ा गया। पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह ने बताया कि आमतौर पर खाकी वर्दी पहने हुए किसी भी अधिकारी कर्मचारी से आम जनता डर भागती है, जिन्हें आपस में जोड़े रखने के लिए खेल समिति का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि गांव में विभिन्न खेल के माध्यम से ग्रामवासियों को जन कल्याणकारी योजना, शासन प्रशासन एवं उनके अधिकारों की जानकारी भी दी जा रही है।

किसानों ने सीएम भूपेश के प्रति जताया आभार

बेमेतरा/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किसानों के हित में एक बड़ा फैसला लेते हुए समर्थन मूल्य पर किसानों से प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान की खरीदी करने की बड़ी घोषणा की। मुख्यमंत्री के द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की मात्रा 15 क्विंटल से बढ़ाकर 20 क्विंटल प्रति एकड़ करने से जिले के किसानों में खुशी की लहर दौड़ गई है। जिले के किसानों ने कहा कि इस ऐतिहासिक निर्णय से अतिरिक्त उत्पादन को बेचने के लिए इधर-उधर नहीं भटकना पड़ेगा। किसानों ने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा है कि इस ऐतिहासिक निर्णय से किसानों को ज्यादा मात्रा में धान बेचने का अवसर मिलेगा जिससे किसानों के आय में वृद्धि होगी। किसानों ने कहा कि अब 20 क्विंटल धान बेचने से किसानों की आर्थिक स्थिति और अधिक सुदृढ़ होगी, मुख्यमंत्री ने यह घोषणा कर हमारे किसान भाईयों के दुःख दर्द को समझा है, इसके लिए मुख्यमंत्री को बहुत-बहुत धन्यवाद। छत्तीसगढ़ में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए अब कृषि आधारित उद्योगों को प्राथमिकता दी जाएगी।

ग्राम बैजलपुर के किसान धनंजय साहू ने कहा कि हमें समाचार पत्रों के माध्यम से पता चल कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किसानों के हित में 15 से बढ़ाकर 20 क्विंटल धान की खरीदी समर्थन मूल्य पर करने की घोषणा किए है। उन्होंने ने बताया कि वे लगभग 8 एकड़ जमीन में धान की खेती करते हैं, पहले 120 क्विंटल धान समर्थन मूल्य पर बेचते थे लेकिन अब मुख्यमंत्री के घोषणा के बाद 160 क्विंटल धान बेच सकेंगे। उन्होंने कहा कि वे पहले कम जमीन में धान की खेती का कार्य करते थे लेकिन अब बचे हुए जमीन में भी पूर्णतः धान की खेती करेंगे। प्रदेश सरकार द्वारा शुरुआत से ही किसानों के हित में जनकल्याणकारी एवं लाभकारी योजना लागू किए है।

गांव के किसान बोधन साहू ने बताया कि जैसे ही हमें इस घोषणा के बारे में पता चला हम सभी किसान उत्साहित हुए। बोधन ने बताया कि मैं हमेशा अतिरिक्त उत्पादित धान के विक्रय के संबंध में सोचता था लेकिन अब यह चिंता दूर हो गई है। उन्होंने कहा कि 10 एकड़ में धान की खेती करते है। इसलिहाज से अब 200 क्विंटल धान समर्थन मूल्य पर बेच सकेंगे। 20 क्विंटल धान की खरीदी की फैसले से किसानों में काफी उत्साह है। अब आने वाले खरीफविपणन वर्ष में किसानों की संख्या में वृद्धि भी होगी और कृषि रकबा भी बढ़ेगा। मुख्यमंत्री के किसान हितैषी फैसलों से प्रदेश के किसान आधुनिक खेती को ओर और भी तेजी से बढ़ेंगे, और खेती किसानी में रुचि लेंगे। इसी तरह ग्राम बैजलपुर के किसान यादव राम साहू ने बताया कि लगभग 2 एकड़ जमीन में धान की खेती करते है।

1 अप्रैल से शुरू होगा सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण

कवर्धा/नवप्रदेश। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में 1 अप्रैल से छत्तीसगढ़ सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण-2023 का कार्य प्रारंभ किया जाएगा। इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। ज्ञात हो की शासन द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं का जनसामान्य के जीवन स्तर पर पड़े प्रभाव का आकलन करने तथा प्राप्त डेटा का भविष्य में योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए यह सर्वेक्षण का कार्य किया जाना है। इस बाबत आज छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री सुब्रत साहू,प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा विभाग श्री आलोक शुक्ला एवं राज्य शासन के अन्य अधिकारियों द्वारा वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से इस संबंध में विस्तृत चर्चा करते हुए व्यापक दिशा-निर्देश दिए गए है।

कलेक्टर जनमेजय महोबे ने बताया कि मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन की घोषणा के अनुसार प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत परिवारों का सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण 01 अप्रैल से 30 अप्रैल के मध्य किया जाएगा। इसके लिए ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत प्रत्येक घरों में जाकर प्रगणकों द्वारा जानकारी एकत्रित की जाएगी जिसका ऐप के माध्यम से ऑनलाइन एंट्री होगा। उन्होंने बताया कि इस कार्य को पूर्ण करने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायतों के लिए प्रगणक दल का गठन किया गया है। इसी तरह सुपरवाइजर की नियुक्ति करते हुए जिला स्तर पर एवं जनपद पंचायत स्तर पर नोडल अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारियों की नियुक्ति कर ली गई है।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री संदीप कुमार अग्रवाल ने बताया कि सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण के कार्य में लगे सभी कर्मचारी जो फील्ड में जाकर इस कार्य को संपादित करेंगे उन्हें मास्टर ट्रेनरो द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण का आयोजन जनपद पंचायत स्तर पर करते हुए दल को संपूर्ण जानकारी प्रदान की जाएगी साथ ही इस कार्य को समय पर पूर्ण करने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं कर ली गई है।

भूलन द मेज बनाने वाले डायरेक्टर अब घासीदास के जीवनी पर बनाएंगे फिल्म

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। कलेक्टर रजत बंसल की अध्यक्षता में आज जिला पंचायत के सभागार में गिरौदपुरी में संत शिरोमणि गुरु घासीदास जन्म स्थली निर्माण कार्य एवं गुरु घासीदास बाबा जी के जीवन संबंध में फिल्म निर्माण संबंधी सामाजिक परिचर्चा हेतु सामाजिक जनप्रतिनिधियों की बैठक संपन्न हुई। बैठक में श्री बंसल ने गिरौदपुरी में संत गुरु घासीदास जी की जन्म स्थली निर्माण सर्वोच्च प्राथमिकता है बहुत जल्द ही निर्माण कार्य पूर्ण करनें एवं राष्ट्रीय फ़िल्म पुरस्कार विजेता,भूलन द मेज के डायरेक्टर मनोज वर्मा के निर्देशन में संत शिरोमणि गुरुबाबा घासीदास के जीवनी पर फ़िल्म बनाने का निर्णय लिया गया है। इसके साथ ही सतनामी समाज से जुड़े कलाकार, कथाकार की पहचान कर प्रोत्साहित करनें की योजना बनाई जा रही है।

बाबा गुरू घासीदास जी की जन्म स्थली गिरौदपुरी की पहचान पूरे विश्व में है और यह स्थान आस्था का प्रतीक भी है। वर्तमान में गिरौदपुरी धाम पर्यटन स्थल के रूप में उभर रहा है। कलेक्टर बंसल ने गिरौदपुरी धाम को प्रमुखता से रखते हुए बड़े स्तर पर गुरु घासीदास जी की जीवन चरित्रार्थ पर फिल्म निर्माण कराने की बात कही।

इसके लिए छत्तीसगढ़ राज्य के आदिवासी समुदाय (भुंजिया समुदाय) के जीवन पर केंद्रित छत्तीसगढ़ की बहुचर्चित फ़िल्म भूलन द मेज बनी फ़िल्म की राष्ट्रीय फ़िल्म पुरस्कार विजेता स्वपनिल फ़िल्म प्रोड्यूसर का चयन किया गया है इसके प्रोड्यूसर छत्तीसगढ़ के जाने माने फिल्मकार मनोज वर्मा है। कलेक्टर बसंल द्वारा गिरौदपुरी धाम का आवलोकन कर बारिकता से पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने व विकास निर्माण की प्रकिया कि इस सराहनीय प्रयास के लिए सतनामी समाज के जन प्रतिनिधियों ने आभार जताया।

कलेक्टर ने ली बैठक, बेमौसम बारिश से क्षतिग्रस्त फसलों का तत्काल सर्वे करने के दिए निर्देश

खैरागढ़/नवप्रदेश। जिला कार्यालय के सभागार में कलेक्टर डॉ. जगदीश सोनकर ने सर्वविभाग की समय-सीमा की बैठक ली। बैठक में सर्वप्रथम मॉडल ग्राम पंचायत और रीपा की तैयारी की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर ने लोगों की सुविधा के लिए हॉट-बाजार में माइक्रो-एटीएम से पैसा निकालने और गांव-गांव के लोकसेवा केंद्र में आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु पहल करने निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राहत हेतु बेमौसम बरसात से क्षति हुई फसल का सर्वे कार्य शीघ्र करें।

कलेक्टर ने निर्देश दिया कि क्षति हुई फसल का सर्वे कार्य शीघ्र करें ताकि प्रभावित कृषकों को मुआवजा मिल सके इसकलेक्टर ने समय सीमा की बैठक में विशेष जोर देते हुए कहा कि जिला के विभिन्न भागों में विगत दिनों हुई अकस्मात वर्षा से चना, गेहूँ आदि की खड़ी और कटी हुई फसल को नुकसान होने की आशंका है। राजस्व विभाग के तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, पटवारी बेमौसम बरसात से क्षति हुई फसल का सर्वे कार्य शीघ्र करें ताकि राहत के रूप में प्रभावित कृषकों को बीमा कंपनी से मुआवजा मिल सके।

हॉट-बाजार में माइक्रो-एटीएम से मिलेगा पैसा

कलेक्टर ने निर्देश दिया कि केसीजी के प्रमुख हॉट-बाजारों में सहकारी बैंक आदि से संबंधित पहल करते हुए किसान-मजदूरों की सामाजिक आवश्यकता की रकम माइक्रो-एटीएम से मिल सके, उन्हें बैंक तक जाने में असुविधा न हो। साथ ही आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजनान्तर्गत आपके द्वार आयुष्मान अभियान के चतुर्थ चरण अंतर्गत जिले में राशन कार्ड धारियों का आयुष्मान कार्ड पंजीयन का कार्य किया जाना है। कलेक्टर ने जिले वासियों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए कोई भी हितग्राही आयुष्मान कार्ड से वंचित ना रहे शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए गांव के लोकसेवा केंद्र में ही सुविधा उपलब्ध कराने निर्देश दिए।

कलेक्टर ने मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत जिले के मरम्मत योग्य शाला भवनों की जानकारी तैयार कर प्रस्ताव शीघ्र शासन को प्रेषित करने के निर्देश दिए। उन्होंने शाला भवनों के मरम्मत कार्य का अनुविभागीय दण्डाधिकारी, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के अधिकारियों द्वारा सत्त निरीक्षण करते हुए गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा बैठक में स्कूली बच्चों का जाति, निवास प्रमाण-पत्र जारी करने, सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत खाद्यान्न का वितरण, सामाजिक सुरक्षा पेंशन आदि का भुगतान समय पर करने के निर्देश दिए।

विद्युत लाइन्स का मरम्मत कार्य 15 दिवस में पूर्ण करने दिए निर्देश

नवप्रदेश जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के कलेक्टर ने छ.ग. राज्य विद्युत वितरण कम्पनी लिमिटेड के कार्यपालन अभियंता को निर्देश दिए कि जिला में बिजली की आपूर्ति निर्बाध रूप से होनी चाहिए। सभी विद्युत लाइन्स का मरम्मत कार्य 15 दिवस के भीतर पूर्ण करें। जिला के सभी मॉडल ग्राम पंचायतों के मूलभूत सुविधाओं के आपूर्ति में कोई कमी नहीं होनी चाहिए सर्वसम्बन्धित विभाग को मॉडल ग्राम पंचायत और रीपा की तैयारी तत्परता के साथ करने हेतु दिए निर्देश दिए।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-4035602, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

न्यूज गैलरी

20 क्विंटल धान की खरीदी का स्वागत : दिवाकर

उतई/नवप्रदेश। सहकारी समिति उतई के अध्यक्ष व प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश समन्वयक दिवाकर गायकवाड़ ने छत्तीसगढ़ में किसानों से प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान की खरीदी करने के राज्य सरकार के फैसले का स्वागत किया है। उन्होने इसे किसानों के सशक्तिकरण की दिशा में कांग्रेस सरकार द्वारा लिया गया ऐतिहासिक निर्णय बताया है। इस निर्णय के लिए उन्होंने किसानों की ओर से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू सहित मंत्रिमंडल का आभार जताया है।

गुरुवार को राज्य विधानसभा में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने यह घोषणा की। श्री गायकवाड़ ने कहा कि सीएम भूपेश बघेल इससे पूर्व आगामी सत्र से 2800 रुपये प्रति क्विंटल धान का समर्थन मूल्य घोषित किया था। उन्होने कहा है कि ये फैसले बताते हैं कि राज्य के किसानों का सशक्तिकरण मुख्यमंत्री श्री बघेल की प्राथमिकताओ मे है। उन्होंने कहा कि किसान पुत्र मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और प्रदेश की कांग्रेस सरकार किसानों के सच्चे हितैषी हैं। 2018 में प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनने के बाद से अब तक किसानों के हित में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में अनेक निर्णय लिए गए हैं। कैबिनेट की पहली बैठक में किसानों की कर्ज माफी का ऐतिहासिक फैसला लिया गया था। इससे प्रदेश के हजारों किसान लाभान्वित हुए हैं। सीएम ने दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत खोपली में नवीन धान खरीदी केंद्र खोलने को मंजूरी दी है। इसके परिणामस्वरुप अब किसानों का धान उस गांव के खरीदी केंद्र तक आने लगा है और उन्हें अनेक दिक्कतों से निजात मिल गई है। कांग्रेस सरकार हर साल धान के समर्थन मूल्य में वृद्धि कर किसानों की दशा सुधारने में अहम योगदान दे रही है। इस फैसले के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री सहित पूरे मंत्रिमंडल का आभार जताया है।

दो दिवसीय लोक उत्सव का आयोजन संपन्न

दल्लीराजहरा/नवप्रदेश। भारतीय नववर्ष के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष की तरह सर्व समाज समरसता समिति द्वारा इस वर्ष भी दो दिवसीय लोकोत्सव का आयोजन किया गया था। प्रथम दिवस 21 मार्च को चिखलाकसा और दल्ली राजहरा नगर में 100 स्थानों पर सवा लाख दीपो के साथ भारत माता की सामूहिक आरती का आयोजन किया गया था। इसके अलावा समिति द्वारा सभी शैक्षणिक संस्थानों और समाजों से अपने परिसरों मे भारत माता की सामूहिक आरती करने की अपील की गई थी । इस प्रकार नववर्ष की पूर्व संध्या में नगर के चहुँ दिशाओं में लगभग 10 हजार परिवार द्वारा भारत माता की आरती में प्रत्यक्ष सम्मिलित होकर सवा लाख दीयों का दान किया गया।

द्वितीय दिवस 22 मार्च को विशाल शोभायात्रा और बनारस के गंगा आरती के तर्ज पर दिव्य व भव्य माँ भारती का आयोजन किया गया। बारिश और ख़राब मौसम के कारण शोभायात्रा में इस बार लोगो की सहभागिता कम दिखी, किन्तु संध्या 1001 दीयों के साथ सामूहिक आरती और सरस्वती शिशु मंदिर शालेय परिवार द्वारा प्रस्तुत गंगा आरती के तर्ज पर भारतमाता की आरती में लोगो का उत्साह चरम पर था । लोगो ने साक्षात् बनारस की दिव्य और अलौकिक परम्परा को दल्ली राजहरा की पावन धरा पर उतरते अनुभूति कर रहे थे।

कार्यक्रम स्थल जैन भवन चौक में शोभायात्रा के समापन के पश्चात् समिति द्वारा दो प्रकार की आरती का आयोजन किया गया था । सर्वप्रथम गायत्री परिवार से जुड़े कु. चंचल साहू, चांदनी साहू द्वारा वैदिक मंत्रोचार के साथ कलश स्थापित किया गया, तथा इसके बाद उपस्थित मुख्य वक्ता डॉ. आशुतोष मंडावी जी के करकमलो से दीप प्रज्जवलित कराया गया उसके उपरांत उपस्थित जनसमुदाय के द्वारा अपने अपने हाथों में लेकर 1001 दीपों के साथ भारतमाता की आरती किया गया उसके पश्चात् सभी ने अपने-अपने स्थान पर बैठकर सरस्वती शिशु मंदिर शालेय परिवार द्वारा प्रस्तुत गंगा आरती के तर्ज पर आयोजित माँ भारती के दिव्य व भव्य आरती का आनंद लिया गया । समिति द्वारा कार्यक्रम स्थल पर बनारस के गंगा आरती का पूरा सेटअप लगाया गया था जिसे देखकर सभी उपस्थित लोगो के द्वारा प्रशंसा किया गया। आरती के पश्चात् अतिथियों को मंचासन कराकर स्वागत अभिनन्दन किया गया।

मंच पर विशिष्ठ आमंत्रित मुख्य वक्ता के रूप में कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जन संचार विश्वविद्यालय रायपुर से आये डॉ. आशुतोष मंडावी (प्राध्यापक) के साथ समिति के अध्यक्ष पवन कुमार गंगबोईर एवं समिति के पूर्व अध्यक्ष तोरण लाल साहू मंचस्थ थे। ख़राब मौसम और स्व स्फूर्त दो दिवस नगर बंद के बावजूद समिति के कार्यकर्ता आयोजन की तैयारियों मे लगातार डटे रहे।

नपा अध्यक्ष के जन्मदिन पर सरकारी मशीनरी का अफसरों ने किया दुरूपयोग

■ फ्लैक्स टांगने सफाई विभाग की गाड़ी का इस्तेमाल

खैरागढ़/नवप्रदेश। नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र वर्मा के जन्मदिन पर पालिका अधिकारियों ने सरकारी मशीनरी का दुरूपयोग किया। अध्यक्ष के जन्मदिन की बधाई संदेश वाले फ्लैक्स को टांगने के लिए रात के समय सफाई विभाग के चार पहिया वाहनों का इस्तेमाल किया गया। इसकी तस्वीर सोशल मीडिया में वायरल हो रही है। आम जनता में इस बात को लेकर चर्चा गर्म है कि जनप्रतिनिधि अपनी सुविधाओं के लिए सरकारी मशीनरी का भरपूर उपयोग करते हैं। लेकिन जब जनता की बारी आती है तो उन्हें नियम-प्रक्रियाओं में उलझाकर उल्टे पांव वापस लौटा दिया जाता है। इस मामले में हर बार की तरह भाजपा पार्षद चुप्पी साधे हुए हैं। हालांकि जनता भाजपा पार्षदों की खामोशी भलीभांति समझ चुके हैं। इसलिए उनसे जनउम्मीदें बची भी नहीं है।

नगर पालिका में प्रशासनिक निरंकुशता बढ़ती ही जा रही है। निर्माण कार्यों में भविष्य की आवश्यकताओं और उपयोगिता को दरकिनार किया जा रहा है। बगैर अनुमति भवन निर्माण कार्य जारी है। भवन अनुज्ञाा और कॉलोनी डेवलेपमेंट पॉलिसियों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है। पालिका के कर्मचारी राजनीतिक गतिविधियों में सीधे शामिल हो रहे हैं।

मनोज प्रेस क्लब के अध्यक्ष बने

गरियाबंद/नवप्रदेश। नगर के वरिष्ठतम पत्रकारों द्वारा 25 मार्च शनिवार को स्थानीय विश्राम गृह में बैठक आहूत कर गरियाबंद प्रेस क्लब , का गठन किया गया। संगठित ,निष्पक्ष एवं जनहित की पत्रकारिता के उद्देश्य को लेकर गठित गरियाबंद प्रेस क्लब के सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से मनोज वर्मा को अध्यक्ष , हिमांशु संघाणी एवं हेमंत तीरपुड़े को उपाध्यक्ष , सचिव थानेश्वर साहू व रितेश यादव तथा कोषाध्यक्ष विजय साहू को मनोनीत किया गया है। संगठन के संरक्षक के रूप में गोरेलाल सिन्हा, जीवन एस साहू, शिव भिलेपारिया एवम राकेश साहू साथ ही किरीट भाई ठक्कर, राधेश्याम सोनवानी को सलाहकार मनोनीत किया गया है। इसके साथ हीजाकिर रिजवी, अमित वखारिया, राकेश देवांगन, सत्यनारायण विश्वकर्मा, चंद्रहास निषाद, हीरेन्द्र साहू, मनोज गोस्वामी, लोकेश्वर सिन्हा, राहुल ठाकुर, अश्वनी सिन्हा संगठन के सर्व मान्य सदस्य होंगे।

इस मौके पर नवनियुक्त अध्यक्ष मनोज वर्मा ने कहाकि गरियाबन्द प्रेस क्लब के माध्यम से जिला मुख्यालय के पत्रकार एक सूत्र में बंध कर जनहीत में पत्रकारिता के दायित्वों का निर्वहन करेंगे। जिला प्रशासन व राजनीतिक दलों के बीच सामंजस्य स्थापित कर जनसरोकार के मुद्दों पर काम किया जाएगा।

कॉलेज नहीं तो वोट नहीं

भाजपा व कांग्रेस से मांग के बाद भी नहीं खुला कॉलेज

■ 12वीं पास करने के बाद पढ़ाई छोड़ने मजबूर

कुंडा/नवप्रदेश। पंडरिया ब्लॉक के सबसे बड़े ग्राम पंचायत कुण्डा में विगत कई वर्षो से मांग करते आ रहे हैं भूपेश सरकार छात्रो के बाद करते हैं। लेकिन आज तक कुण्डा क्षेत्र को महाविद्यालय नही मिला है जबकि कुण्डा क्षेत्र से जनपद अध्यक्ष, जिला पंचायत अध्यक्ष, साथ ही साथ हमारे क्षेत्रीय विधायक कुण्डा से ही आते है जब की तीनों जन प्रतिनिधियों को कुण्डा से काफी लगाव है। जिसमें सरकार द्वारा नारा दिया है कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान ऐसे में बेटियां एवं छात्रो काफ़ी नाराजगी के नज़र दिखाई दे रहे हैं। ग्राम कुण्डा मे आस पास के गांवों एक प्रकार का क़स्बा माने जाते हैं जिसमें आना जाना लगा रहता है हाई स्कूल लगभग 300/350 के लगभग छात्र छात्राओं पढ़ाई करतें हैं लेकिन 12 वी पास करने के बाद छात्र-छात्राओं को समक्ष नही आ रहा कि वो कहां पढ़ाई करें खुशी जब आई 3 वर्ष पूर्व क्षेत्रीय विधायक मांगों को संज्ञान में लेने हुए कार्य स्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया गया था लेकिन आज तक एक ईंट भी नहीं गिरा है एवं छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कुई कुकदूर में भेंट मुलाकात के दौरान कुण्डा में कालेज खोलने का घोषणा किया था लेकिन आज प्रवेश की स्थिति काफी नजदीक है उसके बाद भी कोई अता-पता नहीं है जिससे छात्र-छात्राओं को घबराहट दिखाई दे रही है। जबकि कुण्डा को नगर पंचायत एवं पूर्ण तहसील का दर्ज़ा दिया गया है आबादी लगभग 8000/9000, के आसपास है यहां प्रतिवर्ष 12 वी पास होने के बाद या तो विद्यार्थी को पढ़ाई छोड़ना पड़ता है या फिर दूरदराज क्षेत्रों में जाकर पढ़ाई करना मजबूरी बन जाती है क्योंकि यहां महाविद्यालय की सुविधा नहीं है जब की आज भी कुण्डा उच्च शिक्षा में भी दूर हैं कुण्डा में पिछले लगभग 60/ 65 वर्षो से हाई स्कूल संचालित है पर इस 70 वर्षो के अंतराल में भी महाविद्यालय नही खुल।कुण्डा में महाविद्यालय खुलेगी तो कुण्डा सहित आसपास गांव दामापुर, रुसे, महली, कक्षेटा , हायर सेकेण्डरी स्कूल है जो कुण्डा में लगभग 8/10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है कालेज अगर खुलाता है तो कोलेगांव, दामापुर, रूसे, कुण्डा, ऐसे कई गांव हैं जिसको लाभ मिलेगा।

मधु राय पुन: बनी महिला मोर्चा जिला महामंत्री

■ अमिता, खेमिन व उमा को मण्डल अध्यक्ष का दायित्व

नवागढ़/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी बेमेतरा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी की सहमति पर महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ललिता साहू ने नवागढ़ विधानसभा की लोकप्रिय भाजपा नेत्री मधु राय को पुनः भाजपा महिला मोर्चा का जिला महामंत्री नियुक्त किया है। वहीं विधानसभा के तीनों मंडलो में नवागढ़ मंडल में खेमिन साहू, मारो मंडल में अमिता बघेल, खण्डसरा मंडल में उमा पाटिल को मण्डल अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।साथ ही नवागढ़ क्षेत्र की मीना निषाद को जिला उपाध्यक्ष, पुष्पा मात्रे को जिला सोशल मीडिया प्रभारी, प्रभा सोनी व नेहा तिवारी को जिला कार्यसमिति सदस्य बनाया गया है। इन सभी की नियुक्ति पर नवागढ़ विधानसभा के भाजपा कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर की है।

मधु राय के जिला महामंत्री बनने पर आशीर्वाद दिया भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने उनके आवास पर जाकर आशीर्वाद शुभकामनाएं दी। मधु राय ने कहा कि भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, जिला उपाध्यक्ष विकास धर दीवान एवं मोर्चा जिलाध्यक्ष ललिता साहू ने जो जिम्मेदारी सौंपी है उसे निष्ठापूर्वक पूरी करेंगे। मुझे आशा है कि भाजपा संगठन को मजबूत करूंगी।

इन सभी की नियुक्ति पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष अजय तिवारी, फिरतुराम साहू, चन्द्रपाल साहू, नरेंद्र शर्मा, दयावंत धर बांधे, निमिराज सोनवानी, हरिकिशन कुर्रे, गिरेन्द्र महिलांग,होरीलाल सिन्हा,दुर्गा सोनी, मिन्टू बिसेन,देवादास चतुर्वेदी,सुरेश साहू, सुभाष सोनी, डॉ जगजीवन खरे, दीपक तिवारी, सुशील बनर्जी,मीना साहू, कृष्णा ठाकुर,लक्ष्मी वर्मा,बबलू राजपूत,छन्नू गुप्ता, राजेंद्र मिश्रा, प्रदीप शुक्ला, रामशरण साहू, त्रिलोक साहू, मनहरण सिंह,रोहित साहू,अनिल मिश्रा,राजाराम चंद्राकर,कुंजबिहारी ठाकुर,उमेश ध्रुव,युवराज ठाकुर,सुदेश श्रीवास्तव,रामसागर साहू, भगत कुम्भकार, गजेन्द्र साहू, सुरेश निषाद, अभिषेक राजपूत, टीकम गोस्वामी, रामकिशुन साहू, केदार साहू, दुर्जन साहु, संजू राजपूत, रोहित साहू, मनीराम साहू, राजकुमार मिश्रा, काल्विन जोशी, तोपसिंह साहू, फुलचंद साहू, सुरेंद्र सिंह, भुनेश्वर वर्मा, ओम राजपूत, नरेश वर्मा, वेदप्रकाश वर्मा, मुरारी साहू, शोभित साहू, वेदराम साहू, रामनाथ साहू, त्रिलोक साहू,महेन्द्र जायसवाल, देव मिश्रा, मोनू गोस्वामी आदि ने हर्ष व्यक्त किया।

रायपुर धरना में शामिल हुए उपाध्यक्ष अनंत

नवागढ़/नवप्रदेश। गांधी मैदान रायपुर में मोदी सरकार के खिलाफ छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित एक दिवसीय धरना प्रदर्शन में संजीव पिंटू अनंत ब्लॉक कांग्रेस उपाध्यक्ष नवागढ़ आने साथियों सहित सम्मिलित हुए।

बाल्को मेडिकल सेंटर ने पांचवां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया

रायपुर/नवप्रदेश। बीएमसी ने सहानुभूति, देखभाल और उपचार के साथ कैंसर मुक्त समाज की ओर काम करने के लिए एक नाम बना लिया है। बाल्को मेडिकल सेंटर में चिकित्सको की बड़ी अनुभवी व अच्छी टीम और तकनीक है जो मरीजों को सर्वोत्तम कैंसर देखभाल प्रदान करने में सक्षम है। आज हम अनिल अग्रवाल जी के द्वारा स्थापित कैंसर हॉस्पिटल की पांचवी वर्षगांठ मन रहे है

बल्को मेडिकल सेंटर की चेयर पर्सन ज्योति अग्रवाल ने हैलसियन रेडिएशन मशीन का उद्घाटन किया। हैलसियन रेडियोथेरेपी मशीन तकनीक में नवीनतम लीनियर एक्सेलरेटर है जो मरीजों को सटीक देखभाल प्रदान करता है। बीएमसी सभी मध्यभारत में सबसे पहला और एकमात्र केंद्र बन जाएगा जो एसआरएस और एसजीआरटी जैसी जटिल रेडियोथेरेपी प्रदान करता है। श्रीमती अग्रवाल ने कहा कि 'हमारी

पिछले 5 वर्षों की यात्रा बीएमसी में आने वाले हर कैंसर मरीज के लिए सबसे अच्छा प्रदान करने के लिए रही है। कैंसर मुक्त समाज के लिए हमारे सपने को आगे बढ़ाते हुए - हम उम्मीद करते हैं कि दूसरी रेडियोथेरेपी मशीन न केवल छत्तीसगढ़ के लोगों की सेवा करेगी बल्कि हमारे देश के क्षमता निर्माण के लिए एक राष्ट्रीय स्तर पर योगदान देगा।'

पूरा दिन कैंसर से बचाव का संदेश देने के लिए समर्पित रहा। इसकी शुरुआत व्यायाम के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए एक वॉकथॉन (700 से अधिक लोगों ने भाग लिया) के साथ हुई, जिसके बाद 'नोटोबैकू' थीम पर एक स्वस्थ कल के लिए एक ड्राइंग का समापन हुआ। पूरे रायपुर के स्कूलों ने भाग लिया - जिसमे 3 चित्रों को जूरी सदस्यों द्वारा प्रशंसा और पुरस्कारों के साथ सराहा गया।

इसके अलावा 5वीं वर्षगांठ की पूर्व संध्या पर बीएमसी टीम ने कैंसर से बचे लोगों और उनके परिवार के सदस्यों के साथ दिन मनाया, जिन्होंने उनके साहस, दृढ़ता और धैर्य से प्रेरित किया। समर्थ -बीएमसी में रोगी सहायता समूह न केवल रोगियों को उनकी कैंसर यात्रा के माध्यम से समर्थन करने के लिए बल्कि कैंसर जागरूकता बढ़ाने के लिए भी बनाया गया था।

अग्रणी मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट और बाल्को मेडिकल सेंटर की मेडिकल डायरेक्टर डॉ. भावना सिरोही ने सभा को संबोधित किया - ÷कैंसर पूरी तरह से ठीक हो सकता है, अगर 0 या 1 जैसी प्रारंभिक अवस्था में पता चल जाता है। हमें कैंसर को नष्ट करने और इसके बारे में बात करने की आवश्यकता है ताकि कोई सलाह और इलाज लेने से डरते हैं। बीएमसी कैंसर स्क्रीनिंग कार्यक्रम के माध्यम से, हम अपने देश के लिए कैंसर के परिणामों को बदलने के लिए शीघ्र निदान और शीघ्र उपचार करने का इरादा रखते हैं। हैल्सियॉन जोड़ का मतलब है कि हम सबसे अच्छी देखभाल 'घर के करीब' लाते हैं।

पिछले 5 वर्षों में, बीएमसी ने निम्नलिखित उपलब्धियाँ हासिल की हैं, उनमें से कुछ नाम निम्नलिखित हैं

- 20,000 से अधिक मरीजों को कॉस्टइफेक्टिव कैंसर केयर प्रदान करना।
- NABH और NABL प्रमाणीकरण
- नर्सिंग उत्कृष्टता, CAHO प्रमाणीकरण
- मध्य भारत में पेप्टाइड रिसेप्टर रेडियोन्यूक्लाइड थेरेपी प्रदान करने वाला एकमात्र केंद्र।
- केंद्रीय भारत में अलोजेनिक बीएमटी करने वाला एकमात्र केंद्र
- पुनर्निर्माण सहित जटिल शल्य चिकित्सा
- जैसे-जैसे संबंधित चैरिटी संगठनों - ICS, AKTF, Cuddles के साथ सहयोग - बीएमसी चैरिटेबल फंड की शुरुआत की गई है ताकि कोई रोगी अनुपचारित न रह जाए।
- केंद्र बनाकर देखभाल करने के लिए स्क्रीनिंग शिविर और आउट रीच ओपीडी
- राष्ट्र के लिए क्षमता निर्माण - फ्लोसाइटोमेट्री, ट्रांस्फ्यूज़न मेडिसिन, कैंसर स्क्रीनिंग, के मोपोट्र्स, ट्राकेस्टोमी केयर, नर्सिंग ट्रेनिंग और अन्य में ट्रेनिंग
- वेदांता की द्वारा संचालित नंद घरों सहित गांवों में कैंसर जागरूकता

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग

उद्घोषणा

202303100400/
अ -2 2022-23

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/ आवेदिका बाबूलाल साकेत आ / पति कालिका प्रसाद निवासी सेक्टर 09 भिलाई के द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम -उरला प.ह.न 16 तहसील व जिला दुर्ग के स्थित भूमि खसरा नंबर360/205 रकबा 0.016 हे. 1750 वर्गफीट (आवासीय) प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भ.रा.सं. की धारा 59(2) के तहत् पुनिर्धारण बावत् आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में आयोजि भूमि के संबंध में जिस किसी व्यकित अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा /आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 22/03/2023 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मद मुद्रा के साथ जारी किया गया है।

सील — **अनुविभागीय अधिकारी**
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग
मामले की श्रेणी राजस्व
संदर्भ जिला दुर्ग तहसील दुर्ग प.ह.न 00049 रिसाली ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध क्र. आरडी124906032023041

ईश्तहार

तहसील दुर्ग के प.ह.न 00049के अंतर्गत ग्राम रिसाली के वर्तमान भूमिस्वामी मोहम्मद वकील अहमद पिता/ पति मोहम्मदनवाब अहमद पता एच नंबर 5/1 इस्पात नगर रिसाली भिलाई तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 257/13(0.0099) में प्रस्तावित भूमिस्वामी /क्रेता चित्रलेखा मंडल पिता/पति शिव कुमार मंडल पता 1 एबीपॉकेट मरोदा सेक्टर सिविक सेंटर भिलाई तह. व जिला दुर्ग के नाम पर पंजीयन फौती अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 29/03/2023 को समय 11 सुबह स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग 2 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति /संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता/मुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरणके सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 13/03/2023 को जारी ह किया जाता है।

सील — **तहसीलदार**
दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय कलेक्टर, (आदिवासी विकास शाखा)
बालोद (छ.ग.)

फैक्स नं. 07749-223915 ई-मेल- actwd.balod@Gmail.com

!! संशोधित निविदा प्रकाशन सूचना !!

कार्यालयीन निविदा आमंत्रण क्र./1711/ आ.वि./256 निर्माण /2023 बालोद दिनांक 20.02.23 जी क्रमांक 98955 के माध्यम से गुरूर के सामुदायिक भवन के जीर्णोद्धार (लागत राशि रू.50.00 लाख) हेतु निविदा आमंत्रण किया गया है, जिसमें ठेकेदार की श्रेणी A, B, C, अंकित किया गया है, उक्त निविदा में D श्रेणी के ठेकेदार से भी निविदा आमंत्रित की जाती है।

सहायक आयुक्त
जी-99618/2 — आदिवासी विकास बालोद

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड कबीरधाम (छ.ग.)

निविदा आमंत्रण सूचना

ऑनलाईन निविदाएं ''प्रपत्र-ए'' में प्रतिशत दर पर नीचे उल्लेखित कार्य के लिये DWSM, KABIRDHAM की ओर से कार्यपालन अभियंता एवं सदस्य सचिव DWSM द्वारा एकीकृत पंजीयन व्यवस्था ई-रजिस्ट्रेशन निविदा आमंत्रित की जाती है

कार्य का विवरण :- कबीरधाम जिले के कवर्धा एवं स. लोहारा विकासखण्ड में स्वीकृत नल कुप खनन जल प्रदाय योजनांतर्गत पेयजल प्रदाय एवं इत्यादि कार्य ।

निविदा सूचना क्रमांक/ दिनांक	निविदा सिस्टम क्रमांक	योजना का नाम एवं विकासखण्ड	अनुमानित लागत (रूपए लाख में)
597/Dt. 22.03.2023	128635	विकासखंड स. लोहारा का नल कूप खनन (प्रथम आमंत्रण)	10.66
598/Dt. 22.03.2023	128664	विकासखंड कवर्धा का नल कूप खनन (प्रथम आमंत्रण)	19.38

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य भार्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्राक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से दिनांक 22.03.2023 से देखी जा सकती हैं ।

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि :- 17.04.2023
कार्यकारी अभियंता
जी-99608/3 — लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड कबीरधाम (छ.ग.)

pnb Oriental United Together for the better

मण्डल कार्यालय, प्लॉट नं. ए.48, रिंग रोड नं. 2 गौरवपथ, बिलासपुर, फोन : 077752 432710/729

ई-नीलामी दिनांक : 06.05.2023

सरफेसी अधिनियम 2002 (2002 का अधिनियम 54) के अन्तर्गत बैंक में बंधक रखी गई अचल संपत्ति की बिक्री

APPENDIX-IV-A [See proviso to rule 8(6)]

पंजाब नैशनल बैंक के प्राधिकृत अधिकारी/अधोहस्ताक्षरी ने अपने अधिकारों को इस्तेमाल करते हुए सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अंतर्गत नोटिस जारी किया तथा सांकेतिक कब्जा/भौतिक कब्जा में ली गई सम्पत्तियां जिस पर सरफेसी अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत बैंक की बकाया राशि, ब्याज एवं अन्य खर्चों सहित की वसूली हेतु निम्नलिखित संपत्तियों की बिक्री **"जैसा है जहाँ है"** एवं **"जो है जैसा है"** के आधार पर किया जाना है। **उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता (यों) का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को छुड़ाने के लिये उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों के लिये आमंत्रित किया गया है ।**

ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि व समय- 04.05.2023 सायं 04.00 बजे तक एवं ई-नीलामी 06.05.2023 दोप. 12.00 से सायं 04.00 बजे तक

क्र. सं.	ऋणी का नाम एवं पता/ शाखा का नाम	जमानतदार का नाम एवं पता	संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति का स्वामी	13(2) की तिथि/ बकाया राशि/ कब्जा का प्रकार		आरक्षित मूल्य (रु.) ईएमडी (रु.) बोली वृद्धि
01	शाखा : महासमुंद भानुमति वेयर हाऊस, प्रोप. भानुमति चौधरी पति- सुरेश कुमार चौधरी, मिठीडीह, वार्ड नं. 9, आमहर, महासमुंद, मिठीडीह, छ.ग. 493551.	जमानतदार/बंधककर्ता- 1. श्री विरेन्द्र कुमार नायक, सराईपाली के सामने, महासमुंद छ.ग.-492558. 2. श्री मेदनी कुमार नायक पिता- अयोध्या प्रसाद नायक, 244, वार्ड नं. 9, गौरटेक, सिंघनपुर, महासमुंद, बसना छ.ग. 493558. 3. भानुमति चौधरी पति- सुरेश कुमार चौधरी, मिठीडीह, वार्ड नं. 9, आमहर, महासमुंद, मिठीडीह, छ.ग. 493551.	1. खसरा नं.447/1, प.ह.नं. 17/23, ग्राम- कौआखुड़ा, आरआईसी- पिथौरा, जिला- महासमुंद । कुल क्षेत्रफल- 15064 वर्गफीट । 2. प्लांट व मशीनरी ।	08.07.2021 / ₹ 1,29,23,886.14 + ब्याज एवं अन्य शुल्क / सांकेतिक कब्जा	1	₹ 12,80,000 / ₹ 1,28,000 / ₹ 10,000
					2	₹ 34,20,000 / ₹ 3,42,000 / ₹ 30,000
02	शाखा : महासमुंद मेसर्स भानुमति पैडी प्रोसेसर एवं प्लांट व मशीनरी, प्रोप. भानुमति चौधरी, मिठीडीह, वार्ड नं. 9, आमहर, महासमुंद, मिठीडीह, छ.ग. 493551.	जमानतदार/बंधककर्ता- 1. श्री विरेन्द्र कुमार नायक, सराईपाली के सामने, महासमुंद छ.ग.-492558. 2. श्री मेदनी कुमार नायक पिता- अयोध्या प्रसाद नायक, 244, वार्ड नं. 9, गौरटेक, सिंघनपुर, महासमुंद, बसना छ.ग. 493558. 3. भानुमति चौधरी पति- सुरेश कुमार चौधरी, मिठीडीह, वार्ड नं. 9, आमहर, महासमुंद, मिठीडीह, छ.ग. 493551.	मेसर्स भानुमति पैडी प्रोसेसिंग, खसरा नं: 447/1, ग्राम- कौआ खुडा, तहसील: पिथौरा, जिला: महासमुंद (छ.ग.)	15.07.2021 / ₹ 1,75,03,568.00 + ब्याज एवं अन्य शुल्क / सांकेतिक कब्जा		₹ 30,00,000 / ₹ 3,00,000 / ₹ 30,000
03	शाखा : महासमुंद कृष्णा वेयर हाऊस, प्रोप. भानुमोती पटेल, पिता- खसरा नं. 3632, प.ह.नं. 2, ग्राम- राजाडेरा, आरआईएम- तहसील- पिथौरा, जिला- महासमुंद, छ.ग. 493445.	बंधककर्ता/प्रोप.- श्रीमती भानुमोती पटेल पति- लखन पटेल, 343, [illegible], पोस्ट- भुकेल, तहसील-बसना, महासमुंद छ.ग.- 493445. बंधककर्ता- श्रीमती संत कुमारी पति- दिलीप पटेल, श्री कृष्ण नगर, [illegible] 6, वार्ड संख्या -6, बसना, छ.ग. 493554. बंधककर्ता- श्रीमती सरोज पटेल पति- सुनील पटेल, 57.01, पैया तालाब के पास, प्रोफेसर कॉलोनी , रायपुर, छ.ग. 492001.	1. खसरा नंबर: 363/2 (पुराना खसरा नंबर: 363) ग्राम- राजाडेरा, [illegible] 2/20, तहसील: पिथौरा, [illegible] कुल क्षेत्रफल 17424 वर्गफीट, [illegible] 2. प्लांट व मशीनरी ।	09.07.2021 / ₹ 1,60,10,117.67 + ब्याज एवं अन्य शुल्क / सांकेतिक कब्जा	1	₹ 8,89,000 / ₹ 88,900 / ₹ 10,000
					2	₹ 35,10,000 / ₹ 3,51,000 / ₹ 30,000
04	शाखा : महासमुंद गौरी, वेयर हाऊस, प्रोप. गौरी पटेल पति- जीवन लाल पटेल, खसरा नं. 447/1 भाग, ग्राम- कौआखुड़ा, तहसील- पिथौरा, जिला- महासमुंद (छ.ग.) 493445. जमानतदार- भानुमति पटेल, [illegible], पोस्ट- भुकेल, थाना- बसना, तहसील- बसना, जिला- महासमुंद (छ.ग.)	1. भानुमति चौधरी पति- सुरेश कुमार चौधरी/रूकमणी पटेल पति- साहेब राम पटेल, निवास- कोतरा रोड, रायगढ़, तहसील व जिला- रायगढ़ छ.ग. (जमानतदार/ बंधककर्ता)	खसरा नं.447/1, प.ह.नं. 17/23, ग्राम- कौआखुड़ा, आरआईसी- पिथौरा, जिला- महासमुंद । कुल क्षेत्रफल- 15064 वर्गफीट ।	30.09.2022 / ₹ 1,05,90,343.00 + ब्याज एवं अन्य शुल्क / सांकेतिक कब्जा		₹ 74,43,000 / ₹ 7,44,300 / ₹ 50,000

ऋणभार: बैंक की जानकारी में कोई ऋणभार नहीं है । निविदादाता शामिल होने से पहले पता कर लें ।

नोट: इच्छुक खरीददार जो संपत्ति देखना चाहते हैं वे संबंधित शाखा प्रबंधक से संपर्क करें अथवा नीचे उल्लेखित नियम व शर्तों में अवलोकन कर बैंक के अधिकारियों से व्यक्तिगत संपर्क करें । संपत्ति देखने की तिथि: 03.05.2023 (बैंक कार्यालयीन समय में) प्राधिकृत अधिकारी से संपर्क के लिए मो. नं. 8130487474

महत्वपूर्ण नोट : बोलीकर्ता को पहले से औपचारिकताओं को अच्छी तरह से पूरा करना है- कदम 1: बोलीकर्ता/क्रेता पंजीकरण : बोलीकर्ता को ई-नीलामी पोर्टल (लिंक ऊपर दिया गया है) https://www.mstcecommerce.com/auctionhome/ibapi/index.jsp पर मोबाइल संख्या और ईमेल आईडी का प्रयोग कर पंजीबद्ध कराना है । कदम 2: केवाईसी सत्यापन : बोलीकर्ता को आवश्यक केवाईसी दस्तावेजों को अपलोड करना है । केवाईसी दस्तावेज ई-नीलामी सेवा प्रदाता द्वारा सत्यापित किया जाना चाहिए (2 कार्य दिवस लग सकते हैं)। कदम 3 : ईएमडी राशि का ग्लोबल ईएमडी वॉलेट में स्थानांतरण: ई-नीलामी पोर्टल पर एनईएफटी/स्थानांतरण का प्रयोग करके पेस का ऑनलाइन/ऑफलाइन अथवा चालान का उपयोग करके हस्तांतरण। ई-नीलामी की तारीख से पहले, कदम 1 से कदम 3 को बोलीदाता द्वारा अच्छी तरह से पूरा किया जाना चाहिए।

नियम एवं शर्तें- विक्रय सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम व शर्तों के अधीन होगा तथा निम्नलिखित शर्तों का पालन करना होगा । 1. संपत्तियों की बिक्री "जहां है जैसा है, जो है जैसा है" एवं "जिस अवस्था में है" के आधार पर होगी । 2. ऊपर वर्णित संपत्तियों का विवरण अधिकारी को प्राप्त जानकारी के आधार पर है । किंतु प्राधिकृत अधिकारी की किसी भी त्रुटि, गलत जानकारी, घोषणा में चूक के लिए जिम्मेदार नहीं होगा । 3. विक्रय अधिकृत ऑनलाईन ई-नीलामी सेवा प्रदाता के द्वारा दिनांक 06.05.2023 को वेबसाइट https://wwwlmstcecommerce.com पर किया जायेगा । 4. संपत्ति विक्रय से संबंधित नियम व शर्तों के लिए कृपया वेबसाइट www.ibapi.in, www.tenders.gov.in, www.mstcecommerce.com, https://eprocure.gov.in/ epublish/app पर विजिट करें ।

किसी भी विवाद की स्थिति में अंग्रेजी अखबार 'द हितवाद' रायपुर संस्करण में दिनांक 26.03.2023 में प्रकाशित विज्ञापन मान्य होगा

दिनांक : 25.03.2023 — स्थान: बिलासपुर (छ.ग.) — प्राधिकृत अधिकारी/पंजाब नैशनल बैंक, सुरक्षित ऋणदाता


छत्तीसगढ़ शासन
2.65 लाख बच्चे कुपोषण मुक्त
मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान
सुपोषण से
मिट रहा
कुपोषण
का अंधेरा
संवाद - 34699
सेवा-जतन-सरोकार, छत्तीसढ़ सरकार
Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprCg.gov.in